

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 3 सितंबर 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-156 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अक्षत अग्रवाल हत्याकांड में आरोपी का होगा नार्को टेस्ट

**अंबिकापुर,3 सितंबर।** अक्षत अग्रवाल हत्याकांड में आरोपी का नार्को टेस्ट होगा। कोर्ट ने सरगुजा पुलिस को मंजूरी दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों ने बताया कि अक्षत अग्रवाल हत्याकांड के मामले की सरगुजा पुलिस सूक्ष्मता से जांच कर रही है। आरोपी संजीव मंडल उर्फ भानू बंगाली को नार्को टेस्ट कराने की कोर्ट ने मंजूरी दे दी है। गुजरात के गांधीनगर में आरोपी का ब्रेन मेपिंग, नार्को और लाई डिटेक्टर टेस्ट होगा.

### तीन दिवसीय दौरे पर पीएम मोदी ब्रूनेई- सिंगापुर रवाना

**नई दिल्ली ,3 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को ब्रुनेई दारुस्सलाम और सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए। भारत-ब्रुनेई दारुस्सलाम के राजनयिक संबंधों ने 40 साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई दारुस्सलाम के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मिलने पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी की ब्रुनेई दारुस्सलाम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इस यात्रा को लेकर पीएम ने अपनी भावनाएं एक्स पर व्यक्त कीं। कहा, अगले दो दिनों में मैं ब्रुनेई दारुस्सलाम और सिंगापुर का दौरा करूंगा। इन देशों में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान, भारत के इन देशों के साथ संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरे वाहन को मारी टक्कर, 7 की मौत, आठ घायल

**जींद ,3 सितंबर।** हरियाणा में एक बहुत की बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां जींद के नरवाना के पास एक ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। इस हादसे में 3 महिलाओं समेत 7 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार नरवाना के सिविल अस्पताल में किया जा रहा है, जहां से उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हादसा सोमवार देर रात करीब 12-30 बजे हुआ, जब कुरुक्षेत्र के मर्छेदी गांव के 15 श्रद्धालु टाटा मैजिक में सवार होकर राजस्थान के गोगामेड़ी धाम पर पूजा करने जा रहे थे। बिरधाना गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टाटा मैजिक को टक्कर मार दी, जिससे मैजिक वाहन सड़क से नीचे गड्ढों में पलट गया। टक्कर के बाद वाहन में सवार श्रद्धालु बुरी तरह फंस गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही नरवाना थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने 7 लोगों को मृत घोषित कर दिया।

### राहुल गांधी ने हरियाणा में आप से गठबंधन की इच्छा जताई

**नई दिल्ली ,3 सितंबर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। ऐसे में कांग्रेस में मंथन का दौर जारी है। इस बीच राहुल गांधी ने हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) से गठबंधन की इच्छा जाहिर की है। इस पर भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पर तंज कसा है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस को पता चल गया है वह जीतने वाली नहीं है। इसलिए लास्ट वक्त में कांग्रेस कुछ उपाय कर रही है। कांग्रेस को मालूम है कि फिर से हरियाणा में भाजपा की सरकार आने वाली है। इसलिए वह किसी से भी गठबंधन करने को कह रहे हैं। भाजपा नेता ने आगे कहा कि उनका कहना है कि गठबंधन आम आदमी पार्टी से कर लो। लेकिन वहां के आम आदमी का गठबंधन तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ है। भाजपा ने दस साल में जो विकास कार्य किए हैं वह सभी को मालूम हैं।

## गुरिल्ला आर्मी ने मुठभेड़ में 10 नक्सली मार गिराए



**दंतेवाड़ा- बीजापुर,3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर- दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में अब तक जवानों ने 10 नक्सली मार गिराए हैं। लावा, पुरनगेल के जंगलों में यह मुठभेड़ चल रही है। DRG दंतेवाड़ा, CRPF जवानों ने संयुक्त रूप से यह अभियान शुरू किया है। नक्सलियों के पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी के कंपनी नम्बर 2 के साथ मुठभेड़ चल रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की सुबह से ही यहां बड़ी भीषण मुठभेड़ होने की जानकारी आ रही थी, लेकिन अब इस बात की पुष्टि हो गई है। पश्चिम बस्तर डिवीजन के नक्सलियों की वहां जमावड़े की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया है। सुबह से लगातार पुलिस पार्टी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। अब तक मिली सूचना के मुताबिक SLR, 303, 315 बोर, 12 बोर के हथियार मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग के दौरान मिले हैं। नक्सल आपरेशंस से जुड़ी एक बड़ी खबर है। दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हो रही है। जवानों ने अब 9 नक्सलियों को मार गिराया है। घटनास्थल से नक्सलियों के शवों के साथ स्त्र्क 303 और 12 बोर के हथियार भी बरामद हुए हैं। जानकारी के मताबिक नक्सलियों के PLGA की कंपनी नम्बर 2 के साथ जवानों की भिड़ंत हुई है। जवानों ने अब तक 9 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। फायरिंग रुक-रुक कर जारी है, और जवान बहादुरी से नक्सलियों का मुकाबला कर रहे हैं। राहत की बात यह है कि इस अभियान में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। सर्चिंग अभी भी जारी है। माना जा रहा है कि नक्सलियों को बड़ा नुकसान हुआ है।

## 9वीं के छात्र को शिक्षक ने लगाया ऐसा थप्पड़ फट गया कान का पर्दा

**बलरामपुर,3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बलरामपुर जिले में एक शिक्षक ने हैवानियत की हदें पार कर दी। शिक्षक ने छोटी सी बात पर 9वीं क्लास के छात्र को इतनी जोर से थप्पड़ मारा कि बच्चे के कान का पर्दा फट गया। छात्र की गलती सिर्फ इतनी सी थी कि वह शर्ट की आस्तीन मोड़कर स्कूल आता था। छात्र के इस हरकत पर शिक्षक को गुस्सा आता था।

यह पूरा मामला वाड्रफनगर क्षेत्र का है। बलरामपुर के पंडरी हायर सेकेंड्री स्कूल के 9वीं कक्षा का छात्र हमेशा अपने स्कूल ड्रेस के शर्ट की आस्तीन मोड़कर आता था। इस हरकत से नाराज होकर शिक्षक ने कई बार छात्र को फटकार लगाई। लेकिन, छात्र ने शिक्षक की आज्ञा का पालन नहीं किया। इससे शिक्षक को गुस्सा आया और छात्र को पीट दिया। शिक्षक की पिटाई से बच्चे के कान का पर्दा फट गया। इस घटना से स्कूल के बच्चों में दहशत फैल गई है। बच्चे को थप्पड़ लगने के बाद कान से अजीब-अजीब आवाजें सुनाई दे रही थी। साथ ही बच्चे के कान में दर्द हो रहा था। इसके बाद बच्चे ने अपनी हालत अपने माता-पिता को बताई। बच्चे ने बताया कि चक्रधारी सर ने उसके कान पर थप्पड़ मारे। इसके बाद से कान में अजीब आवाज आ रही है। थप्पड़ से उसके सिर में झनझनाहट सी महसूस हुई। अभी भी कान सुन्न है और गर्म-गर्म हवा निकल रही थी। जब वह घर पहुंचा तो सारी बात बताई। अगले दिन शनिवार को बच्चे की मां स्कूल पहुंची और शिकायत की। आरोप है कि इस पर शिक्षक ने उन्हें धमकाया कि किसी को बताएंगे तो आपके बच्चे को स्कूल से निकाल देंगे। जब बच्चे की तकलीफ बढ़ी और सुनने में दिक्कत होने लगी तो परिजनों ने शिक्षक से ही उसका उपचार कराने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद परिजनों ने अफसरों से शिकायत कर दी।

इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी देवनारायण मिश्रा ने कहा कि हमे इस मामले की जानकारी रविवार को मिली है। इस पर तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं। इसके पहले भी शिक्षक चक्रधारी सिंह ने एक बच्चे की पिटाई की थी, जिससे उसके कान का पर्दा फट गया था।

## जल्दी सुनवाई की शर्त पर जमानत रद्द नहीं कर सकतीं अदालतें: सुको

**नई दिल्ली,3 सितंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने सख्त हिदायद दी कि निचली अदालतों के लिए मुकदमों की जल्दी सुनवाई के लिए हाई कोर्ट समय सीमा तय कर रहे हैं और सिर्फ इस आधार पर जमानत देने से इनकार सही नहीं है। अदालत ने कहा कि यह शीर्ष अदालत के फैसले के खिलाफ है क्योंकि इस तरह की समयावधि निर्धारित करना असाधारण मामलों में ही तय किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा मुकदमों के जल्दी निपटान और जल्द सुनवाई के लिए जमानत देने से इनकार करना शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के फैसलों के खिलाफ है। बार एंड बेंच के मुताबिक, पीठ ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ की घोषणा के बावजूद, हमने देखा है कि कई उच्च न्यायालय जमानत खारिज करते समय मुकदमों की जल्दी सुनवाई के लिए समय तय कर रहे हैं। ऐसा नहीं हो सकता और सिर्फ इस आधार पर जमानत से इनकार किया जाए कि मुकदमे का निपटारा शीघ्रता से किया जाएगा। मुकदमे की सुनवाई की सीमा का ऐसा निर्धारण केवल बहुत ही असाधारण मामलों में किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि फरवरी में न्यायमूर्ति ओका की अध्यक्षता में संविधान पीठ के फैसले में कहा गया था कि अदालतों को किसी अन्य अदालत में लंबित मामलों के लिए समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करने से बचना चाहिए। न्यायमूर्ति ओका की पीठ ने फरवरी में दोहराया था कि उच्च न्यायालय भी संवैधानिक न्यायालय हैं और उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के अधीनस्थ नहीं माना जा सकता। अगस्त में एक अन्य पीठ ने भी कहा था कि वह उच्च न्यायालयों को समयबद्ध तरीके से मामलों की सुनवाई करने के लिए बाध्य नहीं कर सकती।

## हेलिकॉप्टर ध्रुव की अरब सागर में इमरजेंसी लैंडिंग

**दो पायलट और एक डाइवर लापता; बाढ़ राहत में जुटा था**

**मुंबई,3 सितंबर।** भारतीय कोस्टगार्ड के हेलिकॉप्टर ध्रुव को अरब सागर में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी है। इस दौरान हेलिकॉप्टर में सवार इंडियन कोस्ट गार्ड के दो पायलट लापता हो गए हैं। उनके साथ एक डाइवर भी सवार था। उसके बारे में भी कोई खबर नहीं मिल पाई है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार एक क्रू मेंबर को बचा लिया गया है, लेकिन बाकी तीन लोग लापता हैं। यह हेलिकॉप्टर गुजरात में आई बाढ़ से जुड़े राहत एवं बचाव कार्य में जुटा था। पूरे मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों का कहना है कि हेलिकॉप्टर ने सोमवार की रात को पोरबंदर के पास समुद्र में इमरजेंसी लैंडिंग की थीं। इस हेलिकॉप्टर में दो पायलट और दो डाइवर सवार थे। अब तक एक डाइवर को बताया जा सका है, लेकिन बाकी तीन लोग अब भी लापता है। यह हेलिकॉप्टर गुजरात में आई बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने एवं राहत सामग्री पहुंचाने में जुटा था। कोस्ट गार्ड की ओर से इस अभियान में 4 जहाजों और दो एयरक्राफ्ट्स को लगाया गया है। अब तक गुजरात में आई बाढ़ और चक्रवात के दौरान भारतीय कोस्ट गार्ड के अडवांस लाइट हेलिकॉप्टर ने 67 लोगों की जिंदगियों को बचाया है। कोस्टगार्ड की ओर से जारी बयान में बताया गया कि रात को करीब 11 बजे इसे इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। हेलिकॉप्टर मेडिकल बचाव के लिए निकला था। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद टोही अभियान चलाया गया तो एक डाइवर को बचा लिया गया। एयरक्राफ्ट का मलबा भी मिल गया है, लेकिन बाकी तीन लोग अब भी लापता हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब हेलिकॉप्टर एक जहाज तक पहुंचने वाला था। कोस्टगार्ड ने फ्लिहाल सर्च अभियान में 4 जहाजों को उतारा है। अब तक इमरजेंसी लैंडिंग की वजह सामने नहीं आई है। प्राथमिक जांच के बाद ही इस बारे में कोस्टगार्ड की ओर से कोई बयान जारी किया जा सकता है। फ्लिहाल लापता पायलटों और एक डाइवर की तलाश पर ही फोकस है। यह हादसा ऐसे वक्त में हुआ है, जब हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल्स लिमिटेड की ओर से इन हेलिकॉप्टर्स के अपग्रेडेशन की प्रक्रिया चल रही थी। पिछले साल कई ध्रुव हेलिकॉप्टरों के हादसे का शिकार होने के बाद इन्हें अपग्रेड किया जा रहा था। जानकारों के अनुसार ध्रुव हेलिकॉप्टरों के डिजाइन के चलते भी समस्याएं आ रही हैं। बीते साल कई हेलिकॉप्टरों को

## नहीं थे कागजात, 28 मुस्लिमों को बस में बिठाया और भेज दिया डिटेंशन कैंप

**गुवहाटी,3 सितंबर।** असम में धर्म के नाम पर एक बार फिर राजनीतिक बहस शुरू हो गई है। असम के बारपेटा से बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि 28 मुस्लिमों को वहां डिटेंशन कैंप में डाल दिया गया है। बताया जा रहा है कि इन लोगों के पास भारतीय कागजात नहीं थे। इसके बाद से राज्या का सियासी पारा बहुत ज्यादा हाई हो गया है। इस मामले पर मुस्लिम स्टूडेंट यूनियन ऑफ असम ने आपत्ति जताई है। मुस्लिम स्टूडेंट यूनियन ऑफअसम के अध्यक्ष आशिक रब्बानी ने इसे सरासर गलत करार दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि वो इस कदम के खिलाफ प्रदर्शन भी करेंगी। दूसरी तरफ गोवाहाटी हाई कोर्ट की सीनियर वकील रिजावल करीम ने असम की पार्टी संगठन से इन 28 लोगों को हर संभव मदद देने की अपील की है। बारपेटा के एक स्थानीय कार्यकर्ता फारुक खान ने डीएच को बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 28 परिवारों में से प्रत्येक को पुलिस स्टेशनों में बुलाया गया था, जिसके बाद उन्हें एसपी कार्यालय में बुलाया गया और जबरन बस में बिठाया गया। खान ने कहा कि असम पुलिस की सीमा शाखा द्वारा उन्हें विदेशी नोटिस दिए गए और उनके मामले विदेशी न्यायाधिकरणों को भेज दिए गए, जहां कई सुनवाई के बाद उन्हें विदेशी घोषित कर दिया गया। अवैध प्रवासन के मामलों से निपटने के लिए विदेशी अधिनियम 1946 के तहत स्थापित विदेशी न्यायाधिकरण अर्ध न्यायिक निकाय हैं। डी (संदिग्ध) मतदाताओं और विदेशियों के मामलों से निपटने के लिए पूरे असम में लगभग 100 ऐसे न्यायाधिकरण हैं।



## 7 सक्रिय माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर,3 सितंबर। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 01/09/2024 को डीआरजी बीजापुर, थाना गंगालूर एवं कोबरा 202 की संयुक्त पार्टी थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पालनार, गंगालूर पोटामपारा की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी । अभियान के दौरान संयुक्त पार्टी द्वारा गंगालूर पोटामपारा के जंगल से लुकते छिपते भागने की कोशिश करते हुए 07 संदिग्ध को पकड़ा गया ।

## मौत के बाद रिश्वत के आरोप से मुक्त हुआ बैंक प्रबंधक

### बेटों के साथ पत्नी ने 22 साल तक लड़ी कोर्ट में अपने पति की लड़ाई

**बिलासपुर,3 सितंबर।** मौत के बाद बैंक प्रबंधक रिश्वत लेने के आरोप से मुक्त हुए. 22 साल तक चले मामले में बैंक प्रबंधक की पत्नी ने बेटों के साथ हाई कोर्ट में केस लड़कर जीत हासिल की. बैंक प्रबंधक पर शासकीय योजना के तहत बोरवेल खुदाई के लिए लोन देने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप था. दरअसल, दुर्ग निवासी राजेन्द्र कुमार यादव वर्ष 2000-01 में कृषि एवं भूमि विकास बैंक के बेमेतरा शाखा में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे. इस दौरान ग्राम एरमसाही नवागढ़ ब्लॉक निवासी किसान धीरेन्द्र कुमार शुक्ला ने अपने पिता राजेन्द्र नारायण शुक्ला के नाम से बोरवेल खुदाई के लिए सरकारी योजना के तहत लोन लेने आवेदन दिया. इस आवेदन पर शाखा प्रबंधक राजेन्द्र कुमार यादव ने प्रोसेस शुल्क 526 रुपए जमा करने के लिए कहा. इस पर किसान ने शाखा प्रबंधक द्वारा रिश्वत मांगे जाने की लोकायुक्त रायपुर में शिकायत की. शिकायत पर लोकायुक्त ने मई 2001 को शिकायतकर्ता को केमिकल लगे करेंसी लेकर बैंक प्रबंधक के पास भेजा और ट्रेप कर शाखा प्रबंधक को हिरासत में लिया. इस मामले में विशेष न्यायाधीश ने जनवरी 2003 को शाखा प्रबंधक को भ्रष्ट्राचार निवारण अधिनियम की धारा 7 में 6 माह कैद 500 रूपये अर्थदंड एवं धारा 13 (डी) 1 में 1 वर्ष कैद एवं 500 अर्थदंड की सजा दी. शाखा प्रबंधक ने इस निर्णय के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की. अपील लंबित रहने के दौरान अपीलकर्ता शाखा प्रबंधक की मौत हो गई. पति की मौत के बाद पत्नी उतम कुमारी यादव ने अपने पुत्र प्रशांत यादव व निशांत यादव के साथ मिलकर मुकदमा को आगे बढ़ाया. 22 वर्ष बाद अगस्त में अपील पर हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने मामले में पाया कि शिकायतकर्ता ने अपीलकर्ता को 526 रुपए प्रोसेस शुल्क दिया था. ट्रेप टीम ने उसके जेब से 100-100 के चार करेंसी नोट जब्त करने की बात कही. सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि अपीलकर्ता के जेब से टीम ने 7-8 करेंसी नोट निकाला था. रिश्वत में दिए गए नोट के नंबर भी दर्ज नहीं है. वही अपीलकर्ता ने बचाव में कहा कि शिकायतकर्ता ने प्रोसेस शुल्क दिया था, जिसकी उसे रसीद भी दी गई थी. मामले में उक्त रसीद को भी प्रस्तुत किया गया. हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद बैंक प्रबंधक को रिश्वत लेने के आरोप से मुक्त करते हुए निचली अदालत के फैसले को खारिज कर दिया है.

## 5 तस्करों से 53 लाख का गांजा जब्त



**गौरेला पेंड्रा मरवाही,3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस लगातार नशीले पदार्थों के तस्करों पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है. इसी कड़ी में आज मंगलवार को GPM पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने गांजा की तस्करी कर रहे 5 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. साथ ही 1.6 क्विंटल गांजा, 7 मोबाइल फोन और 2 चारपहिया वाहन समेंत कुल ?53 लाख का जुमला बरामद कर जब्त किया गया. जानकारी के मुताबिक, गौरेला थाना और साइबर सेल जीपीएम की संयुक्त टीम ने 2 सितंबर की सुबह मुखबिर की सूचना पर हर्राटोला के पास वाहनों की जांच की. इस दौरान, एक सफेद रंग की महिंद्रा टीयूवी 300 वाहन को रोका गया, जिसमें भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ. पुलिस ने गाड़ी में सवार दो युवकों, तुलसी शर्मा और उदय चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की. दोनों से पूछताछ और टेक्निकल एनालिसिस के आधार पर तीन और आरोपियों को पुलिस ने बिलासपुर से गिरफ्तार किया है. इनमें सक्ति निवासी उतरा खूंटे उर्फ साहिल, अनुज आदिले और अरुण चंद्रा शामिल हैं. एक अन्य आरोपी साजन मौके से भाग गया, जिसकी तलाश जारी है. गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी और 29 के तहत अपराध दर्ज किया गया है. पूछताछ से पता चला कि तस्करी में शामिल ट्रांसपोर्टर, खरीददार और डिस्ट्रीब्यूटर मध्यप्रदेश के हैं, जबकि पायलटिंग और मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ और ओडिशा से जुड़े हुए हैं. पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता और अति. पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश चंदेल के नेतृत्व में आगे की कार्रवाई जारी है. गिरफ्तार आरोपियों में तुलसी शर्मा और उतरा खूंटे उर्फ साहिल का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी है. तुलसी शर्मा पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल जा चुका है, और उतरा खूंटे उर्फ साहिल ने तस्करी के लिए पायलटिंग का काम किया है. इन आरोपियों के फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन की जांच भी जारी है. इस सफल कार्यवाही में डीएसपी साइबर दीपक मिश्रा, एसडीओपी गौरेला श्याम सिदार, उप निरीक्षक सनत कुमार म्हात्रे, और अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.




**रायपुर,3 सितंबर।** महिलाओं पर बढ़ते यौन अत्याचार के विरोध में कांग्रेसियों ने मौन प्रदर्शन किया। राजीव गांधी चौक पर मुंह पर काली पट्टी लगाकर धरना दिए। पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम गिरीश दुबे विकास उपाध्याय कुलदीप जुनेजा पंकज शर्मा ऐजाज ढेबर प्रमोद दुबे श्रीकुमार मेनन शिव सिंह ठाकुर बंशी कन्नौजे जीश्रीनिवास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## छग की दिव्यांग शिक्षिका को राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

### शिक्षा के क्षेत्र में किया है सराहनीय काम

**दुर्ग,3 सितंबर।** देशभर में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाया जाता है. वहीं इस दिन देशभर के 50 शिक्षकों को उत्कृष्ठ योगदान के लिए राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा. छत्तीसगढ़ से इस साल भिलाई की दिव्यांग शिक्षिका के. शारदा को इस सम्मान के लिए चुना गया है. बता दें, दुर्ग जिले की के. शारदा प्रदेश की पहली दिव्यांग शिक्षक हैं, जिन्हें शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने जा रहा है. 5 सितंबर को राष्ट्रपति



द्रोपदी मुर्मु उन्हें राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित करेंगी। यह सम्मान उन्हें उनके शिक्षा और छात्रों के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने और उनके इनोवेशन के लिए दिया जा रहा है. कहते हैं कुछ कर दिखाने का मन में हौसला हो, तो कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने के रास्ते मिल जाते है. के. शारदा ने इस बात को सच कर दिखाया है. वह वर्तमान में दुर्ग जिले के खेदामारा की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में गणित की टीचर हैं. शारदा ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार से छात्रों के सीखने की क्षमता में एक बड़ा बदलाव लाया है. के. शारदा का कहना है कि सरकारी स्कूलों में अगर शिक्षक चाहे तो कम संसाधन में भी अच्छी शिक्षा बच्चो को दी जा सकती है.

हमें हर बात के लिए सरकार पर निर्भर नहीं होना चाहिए. के. शारदा ने बताया कि अपनी स्कूली शिक्षा के दौरान लोगों ने उन्हें कभी आगे आने का मौका नहीं दिया, लेकिन शिक्षिका बनने के बाद अपने छात्रों को नई तकनीक से पढ़ाने के लिए उन्होंने नवाचार किया. उन्होंने बताया कि कोविड के दौरान उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया. कोविड के दौरान उसने टीचिंग-लर्निंग-मटेरियल के जरिए गणित के अलग-अलग टॉपिक पर वीडियो बनाना शुरू किया. जो प्रदेशभर में काफी पसंद किया जाने लगा. वहीं उन्होंने ऑडियो-वीडियो बुक्स, ई-कंटेंट, पीडीएफ बनाकर खेल-खेल में पढ़ाई को आसान बनाया. के. शारदा ने पाठ्यक्रम को आसान बनाने 20 अलग-अलग विषय पर किताबें लिखी. इनमें से कुछ किताबें प्रदेश की सरकारी स्कूल में बतौर पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है. इससे पहले शारदा पिछले वर्ष राज्यपाल सम्मान से भी सम्मानित हो चुकी है.

## बाड़मेर में फाइटर जेट मिग-29 क्रैश, वायुसेना ने दिया कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश

**बाड़मेर ,3 सितंबर।** राजस्थान के बाड़मेर में सोमवार रात वायुसेना का फाइटर जेट मिग-29 क्रैश हो गया। मिग विमान हादसे को लेकर एयरफोर्स ने जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि बाड़मेर के कवास इलाके में सोमवार (2 सितंबर) रात 10 बजे के करीब वायुसेना का फाइटर जेट तकनीकी खराबी के कारण क्रैश हो गया, लेकिन पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा।भारतीय वायुसेना ने एक्स पोस्ट में कहा, बाड़मेर सेक्टर में रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान भारतीय वायुसेना के मिग-29 में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण पायलट को विमान से बाहर निकलना पड़ा। पायलट सुरक्षित है और जान-माल के किसी नुकसान की खबर नहीं है। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं।गांव वालों ने बताया कि जमीन की ओर तेजी से बढ़ते फाइटर जेट को पायलट करीब 1500 लोगों की आबादी वाले क्षेत्र से दूर ले गया। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां से महज तीन किमी की दूरी पर नागणा में क्रूड ऑयल की मंगला टर्मिनल प्रोसेस यूनिट भी है। मिग के खेत में गिरते ही जोरदार धमाका हुआ। इससे पहले फाइटर जेट में आसमान में ही आग लग गई थी।

# हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई तीज मिलन समारोह में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 3 सितंबर।** तहसील साहू संघ पाटन महिला प्रकोष्ठ के संयोजन में रविवार को तहसील स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन साहू सदन पाटन में आयोजित की गई। तहसील साहू संघ पाटन द्वारा सामाजिक एकता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति,कला,खानपान को बढ़ावा देने के लिए अनेक आयोजन किया जाता है। साहू समाज की 10 हजार से अधिक की संख्या मे उपस्थित महिलाओ द्वारा हरे रंग की साड़ी की वेशभूषा के साथ तीज मिलन समारोह में कुर्सी दौड़,फुगड़ी,रंगोली,व्यंजन की बगिया,तीज क्वीन समूह नृत्य, नाट्य प्रहसन में प्रतिभागी बनकर अपनी एकता और सांस्कृतिक कला से सामाजिक कुरुतियों को दूर करते हुए समाज में रचनात्मक कार्यो को बढ़ावा देने शानदार आयोजन किए। कार्यक्रम की शुरुवात समाज कृष्ण-कर्मा की आरती पूजा के साथ हुई।




तीज मिलन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामशिला साहू ने तीज मिलन समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओ की उपस्थिति के लिए तहसील साहू संघ पाटन की प्रशंसा करते हुए कहा तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू द्वारा पाटन तहसील के सभी महिलाओ को समाज की मुख्य धारा में जोड़कर उनके प्रतिभा को निखारने का एक मंच प्रदान किया है। ऐसे आयोजन से महिलाओ को अपने विषय सोचने का समय मिलता है जो उन्हे शसक्त बना सकती है। कई सामाजिक कुरीतियां है जिसे महिलाओ द्वारा दूर किया जा सकता है।

प्रमुख अतिथि तरुणा साहू इंस्पेक्टर भारतीय रेलवे ने कहा समाज की महिलाएं आत्मनिर्भर बन कर सामाजिक संगठन और एकता को मजबूत करने अपनी भागीदारी निभाएं। पाटन तहसील द्वारा माता बहनों को एक मंच में इकट्ठा करना काबिले तारीफ है।

कार्यक्रम की अध्यक्ष महिला संयोजिका देवश्री साहू ने तीज मिलन का अर्थ बताते हुए समाज में महिलाओ की भूमिका के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, छत्तीसगढ़ी कलाकर शीखा साहू, दिव्या कलिहारी उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग,प्रदेश प्रतिनिधि जिला साहू संघ दुर्ग अश्वनी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू,मोनू साहू जिला पंचायत सदस्य, चंद्रिका साहू प्रदेश उपाध्यक्ष ने भी संबोधित किया।

**योगिता बनी तीज क्वीन:** योगिता बनी तीज क्वीन झीट परिक्षेत्र के अमलेश्वरडीह की योगिता साहू तीज क्वीन बनीं, दूसरे स्थान पर बटरेल की पूजा हिरवानी एवं तीसरे स्थान पर साहू रही। तीज क्वीन के सभी प्रतिभागियों को समाज के तरफ से उपहार स्वरूप साड़ी भेंट की गई। स्वागत भाषण तहसील उपाध्यक्ष सरिता साहू ने दी। मंच संचालन कमलेश्वरी साहू व ने खेमलाल साहु ने किया, आभार प्रदर्शन गायत्री साहू ने की।

**छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लगा स्टाल:** समाज के महिलाओ द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टाल लगाया गया था। जिसमे अईरसा,ठेठरी, खुर्मी, चीला, फरा,कटवा,भजिया सहित अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाया गया था। उपस्थित सामाजिक जनों ने व्यंजनों का लुत्फ उठाया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं सभी प्रतिभागियों को समाज के तरफ से प्रशंसा पत्र एवं तीजा के लुगरा प्रदान किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से लालेश्वर साहू, गंगादीन साहू,धनराज साहू, महेंद्र साहू, दुलारी साहू,विमला साहू,भुनेश्वरी साहू,उषा साहू,चांदनी साहू,भूमिका गंजीर,तरुणा साहू, कोमिन साहू,गीता साहू, केवरा साहू,ललिता साहू,जागेश्वरी साहू,किशोर साहू,किशन हिरवानी,हरिशंकर साहू, डॉ. सुरेश साहू,रविशंकर साहू, दुलेश्वर साहू,कल्याण साहू, टेसराम साहू,गोपेश साहू,होमिन साहू,लालजी साहू,जागेश्वरी साहू,कौशल बनपेला,बलराम साहू,सोहन साहू,मूलचंद साहू,मनीष साहू,सुकदेव साहू,पारखत साहू,राजू साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### 27 लाख की धोखाधड़ी,मामला दर्ज

**भिलाई 3 सितंबर।** एयर फोर्स के जवान से एक ट्रांसपोर्टर ने दो ट्रक 27 लाख रुपए में विक्रय के बावजूद ट्रक सुपुर्द नहीं किया। सौदे के अनुसार ट्रक से होने वाली आमदनी एवं ट्रक के ऋण की किश्त भी अदा नहीं की। रिपोर्ट पर भिलाईनगर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-6 निवासी मनीष कुमार शर्मा (26 वर्ष ) एयर फोर्स में कार्यरत हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अजय सिंह निवासी सेक्टर 6 के हक-स्वामित्व की दो ट्रक पंजीकृत है। जिसें व्यावसायिक कार्य के लिए रुपयों की आवश्यकत होने पर अजय सिंह द्वारा उक्त दोनों वाहनों को मनीष कुमार शर्मा को विक्रय करने के लिए कहा। जिस पर मनीष ने दोनों वाहनों को 12 लाख रुपए रुपए एवं 15 लाख रुपए वाहन की कुल कीमत 27 लाख रुपए में ऋय किया था। मनीष ने अजय सिंह को 18 अक्टूबर 2022 को 27 लाख रुपए भुगतान कर दिया था। सौदा पूरा होने के बाद अजय सिंह ने मनीष को आश्वासन दिया था कि दोनों वाहन चोला मण्डलम कम्पनी से फायनेंस किया गया है। जिसकी समस्त माहवारी किश्त उसके द्वारा भुगतान किया जायेगा तथा उक्त वाहन से होने वाली आय को मनीष को प्रदान करेगा, जिस पर मनीष ने अपनी सहमति प्रदान कर की थी। उक्त दोनों वाहनों को स्वयं उपयोग करेगा, जिस पर मनीष ने रुपए भुगतान करने के बावजूद उक्त दोनों वाहनों को अजय सिंह को चलाने के लिए दिया था दोनों ही वाहनों के विक्रय का इकरार नामा 24 मार्च 2023 को दो गवाहों के समक्ष निष्पादित हुआ था। परंतु विक्रेता अजय सिंह ने दोनों वाहनों के ऋण की किश्त का भुगतान नहीं किया और ना ही उक्त वाहनों से हुए आय का भुगतान किया। अजय सिंह द्वारा की जा रही धोखाधड़ी का एहसास होने पर मनीष कुमार ने भिलाई नगर थाने में शिकायत दर्ज करायी थी।

### सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत

**भिलाई 3 सितंबर।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत भिलाई-3 के उमदा रोड पर बीते शाम को



एक ही दिशा में जा रहे दो मोटर साइकिल आपस में टकरा गई। इससे नीचे सड़क पर गिरने से घायल युवक की मौत हो गई। मृतक युवक मित्तू सांगा खुर्सीपार के मिनी माता नगर का रहने वाला है। साथ में बैठा युवक घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद युवक को छुट्टी दे दी गई है पुरानी भिलाई पुलिस के मुताबिक हादसे में मरने वाले का नाम मित्तू सांगा मिनी माता चौक के खुर्सीपार का रहने वाला था। मित्तु सांगा अपने दोस्त के साथ उमदा रोड से मोटर साइकिल में भिलाई-3 की तरफ से आ रहा था। उसके साथ दूसरी मोटर साइकिल में उसके रिश्तेदार थे। इस दौरान अचानक मित्तू की मोटर साइकिल उसके रिश्तेदार की मोटर साइकिल से टकरा गई। इसके चलते अनियंत्रित होकर सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में मित्तू और पीछे बैठे उसके दोस्त को चोट आई। साथ चल रहे रिश्तेदारों ने तुरंत 112 को फोन कर बुलाया। गंभीर चोट आने से मित्तू और उसके दोस्त तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मित्तू ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुरानी भिलाई पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मारपीट कर पांच हजार रुपये और मोबाइल की लूट

**भिलाई 3 सितंबर।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र जोन-एक खुर्सीपार निवासी संतोष सोनी से केनाल रोड पर आइटीआइ ग्राउंड के पास चार बदमाशों ने लूटपाट की है गाड़ी का पेट्रोल खत्म होने से वह बाइक को धक्का देकर रविवार की देर रात करीब 12:30 बजे घर पैदल ही घर जा रहा था रास्ते में बदमाशों ने रोककर शराब पीने के लिए रुपये की मांग की मारपीट कर पांच हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### अपहरण कांड का पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग

**भिलाई 3 सितंबर।** बजरंग दल के सदस्य अपहरण कांड के आरोपित भिलाई चरोदा निगम के सभापति कृष्णा चंद्राकर सहित अन्य आरोपितों का अब तक सुराग नहीं मिल सका है। उनकी तलाश के लिए पुलिस की टीम लगातार प्रयास कर रही है। वहीं एक आरोपित नजरूल इस्लाम को जमानत मिल चुकी है। उसकी जमानत को एडीजे कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी है। पुलिस का कहना है कि सभापति पार्षद अभिषेक वर्मा, टी. रमना राव और दो अन्य आरोपित फरार हैं जिनकी तलाश के लिए टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं बता दें कि बजरंग दल के सदस्य अमित लखवानी का अपहरण कर उसे पीटते हुए थाने लाने के आरोप में पुलिस ने भिलाई चरोदा निगम के सभापति, पार्षद, पार्षद राव, असफाक खान, पप्पू चंद्राकर और नजरूल के खिलाफ प्राथमिकी की थी। इस घटना के बाद भिलाई-तीन में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम भी हुआ था पुलिस ने एक आरोपित नजरूल को गोंदिया से गिरफ्तार किया था, लेकिन उसे भिलाई-तीन के व्यवहार न्यायालय से जमानत मिल गई थी इसके अगले ही दिन सभापति की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई थी इसके बाद से पुलिस सभी आरोपितों की पतासाजी कर रही है।

### धान की फसल पर कीट प्रकोप



**उतई 3 सितंबर।** तेज गर्मी और उमस से धान के पौधों में दिखने लगी है बीमारियों का प्रकोप भादो माह में बारिश नही के बराबर हो रही है जिससे उमस बदने लगी है वैसे ही खेतो में कीटो का प्रकोप बदने लगी है कही कही पर तना छेदक ,कटवा , इल्ली जैसे बीमारी दिख रही है ।वैसे नहरों से किसान धान के खेतो की सिंचाई कर रहे है।

# वैशाली नगर विधानसभा के सभी शासकीय और निजी विद्यालयों के शिक्षक होंगे सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई नगर, 3 सितंबर।** कल राजभवन में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने सौजन्य मुलाकात कर 3 सितंबर को वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल रमेन डेका को राजभवन पहुंच न्यौता दिया था। कार्यक्रम के लिए राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकृति दी है। इस दौरान विधायक रिकेश सेन ने राज्यपाल को वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों से भी अवगत कराते हुए महामहिम से आवश्यक चर्चा भी की थी। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के शासकीय और गैर शासकीय स्कूल के 3200 से अधिक शिक्षकों का शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मान होने जा रहा। श्री सेन के निमंत्रण पर महामहिम राज्यपाल ने इस कार्यक्रम के लिए अपनी सहर्ष स्वीकृति प्रदान की है। 3 सितंबर को होटल इम्पेरियन पुष्पक नगर बायपास रोड जुनवानी में आयोजित इस गरिमामय समारोह की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे और विशेष अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव भी मौजूद रहेंगे।



वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि अपनी महत्ता के कारण गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा पद दिया गया है। शास्त्र वाक्य में गुरु को ही ईश्वर के विभिन्न रूपों- ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश्वर के रूप में स्वीकार किया गया है। गुरु को ब्रह्मा कहा गया क्योंकि वह शिष्य को बनाता है, नव जन्म देता है। गुरु, विष्णु भी हैं क्योंकि वो शिष्य की रक्षा करते हैं, साक्षात महेश्वर भी है क्योंकि वो शिष्य के सभी दोषों का संहार भी करते हैं। भगवान के रूठने पर तो गुरू की शरण रक्षा कर सकती है किंतु गुरू के रूठने पर कहीं भी शरण मिलना सम्भव नहीं है। इसलिए 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के पूर्व 3 सितंबर को वैशाली नगर विधानसभा के लगभग 3200 गुरूजनों का सम्मान होने जा रहा है। कार्यक्रम की सभी तैयारियां हो चुकी हैं। श्री सेन ने सभी शिक्षकों से सम्मान समारोह में शिरकत करने आमंत्रित किया है।

# राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना में सभी स्नातक विद्यार्थियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**भिलाई 3 सितंबर।** कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सदस्यों का स्वागत करतलध्वनि से किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के एन. ए .टी. एस.(राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना) के समन्वयक डॉ दिनेश सोनी जो कि कार्यशाला के मुख्य वक्ता थे उन्हें अभिभाषण के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षु अधिनियम 1961 में बनाया गया जिसके बाद 2014 में उसमे संशोधन कर उसमे सभी स्नातक विद्यार्थियों को इसमें सम्मिलित किया गया।राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की एक महत्वाकांक्षी योजना है।इसके तहत स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसकी अवधि 6 माह से 3 वर्ष तक हो सकती है। इस दौरान उन्हें रु 9000/- प्रति माह का स्टाइपेंड भी दिए जाने की व्यवस्था है। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक समाप्त कर लेने के बाद उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा तथा इसे 01 वर्ष का अनुभव भी माना जाएगा। इससे विद्यार्थियों को कई लाभ होंगे जैसे उनका कौशल विकास होगा, रोजगार मिलने में आसानी होगी तथा पढ़ते हुए स्टाइपेंड प्राप्त होगा। कार्यक्रम के अंत में एन. ए. टी. एस. पोर्टल में सभी स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का पंजीयन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो सुरेश ठाकुर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो अमृतेष शुक्ला ने दिया। कार्यक्रम में डॉ अजय मनहर तथा डॉ लक्ष्मी रमन आडिल उपस्थित रहे। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम जी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की आयुक्त ने

**भिलाईनगर 3 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासकीय आदेशानुसार नगरीय निगम में आम निर्वाचन हेतु आरक्षण के संबंध में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 20 अगस्त 2024 से 10 अक्टूबर 2024 तक कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक वार्ड के बीएलओ निर्धारित है, इनके द्वारा पूर्व में भी मतदाता पुनरीक्षण कार्य डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदाता पुनरीक्षण सर्वे का कार्य संपादित किया जा रहा था। शासकीय आदेशानुसार बीएलओ बुथ लेवल का अधिकारी है, उसका दायित्व है घर-घर जाना, प्रत्येक घर में नये मदताओ का नाम जोड़ना, मृतक मतदाता का नाम काटना, जो अन्यत्र चले गये है मतदाता उनका नाम काटना इत्यादि कार्य दिया जाना है। ऐसी जानकारी मिली है, कि कुछ हाउसिंग सोसायटी के पदाधिकारी बीएलओ को अपने कालोनी के ब्लाक में आने में मना कर रहे है। जो शासकीय कार्य मे बाधा के रूप में है। किसी भी बीएलओ को किसी भी सोसायटी में आने से नहीं रोका जा सकता है। बीएलओ के पास अधिकारिक आदेश होता है किसी भी प्रकार का डाउट होने पर दिये गये उच्च अधिकारियो से संपर्क किया जा सकता है। उनके द्वारा पूछी जा रही जानकारी उपलब्ध कराना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। वास्तविक जानकारी अपने परिवार के संबंधीत फार्म में दर्ज करावे। अगर कोई सोसायटी या संस्था द्वारा अपने परिसर में बीएलओ को आने से मना करती है तो तो शासकीय आदेश की अवहेलना मानी जायेगी। संबंधित के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा मानकर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अतिरिक्त तहसीलदार ए.ई.आर.ओ विधानसभा 66 श्रीमती ख्याति नेताम, अतिरिक्त तहसीलदार ए.ई.आर.ओ विधानसभा 65 श्री गुरूदत्त पंच भाई, नोडल अधिकारी नरेन्द्र कुमार बंजारे, सहायक नोडल अधिकारी, बीएलओ, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर की उपस्थिति में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की।



# स्वाइन फ्लू के बढ़ते प्रभाव को कम करने महापौर ने अधिकारियों की बैठक ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाईनगर 3 सितंबर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्वाइन फ्लू के बीमारी के केस बढ़ रहे हैं, उसको देखते हुए महापौर नीरज पाल ने आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव एवं नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें इस बात पर चर्चा हुई, कि हम सब लोग किस प्रकार से इस बीमारी के प्रभाव को कम कर सके। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जो भी पीड़ित जो भी प्रभावित मरीज मिल रहे हैं। उनको बेहतर ट्रीटमेंट मिले प्राथमिक रूप से क्या बचाव किया जाए इसके लिए भी चर्चा की गई। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बंजारे, सर्ववीलायेन्स अधिकारी, सीएमओ दुर्ग, मलेरिया अधिकारी ने बताया गया कि एच-1, एन-1 के धनात्मक प्रकरण प्राप्त हो रहा है। इसके प्रमुख लक्षण सर्दी, खांसी, छीकना, बुखार आना, सिर दर्द, बदन दर्द, उल्टी-दस्त, थकावट हो सकती है। संक्रमण की अवधि 1-2 दिन तक हो सकती है। संक्रमण के प्रकार- संक्रमित व्यक्ति में लक्षण प्रारंभ होने के 3-5 दिवस तक अन्य व्यक्तियों को भी हो सकता है। स्वाइन फ्लू से बचावः- छीकते-खासते समय दूरी मेंटेन करें, मुंह पर रुमाल रखें, मुह पर मास्क लगाए, अनावश्यक बाहर न निकले, एक दूसरे से दूरी बनाए, पानी उबालकर पिए, हाथ को सेनीटाइज करे, हाथ साबुन से धोकर ही भोजन करें, बाहर खाने से बचे, बाहर से आए हुए व्यक्तियों से दूरी बनाए। स्वाइन फ्लू का लक्षण दिखने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायकि स्वास्थ्य केन्द्र, सुपेला शासकीय चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में संपर्क कर सकते है। चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल में स्वाइन फ्लू के लिए अलग से 30 बिस्तर का अलग से आइसोलेटेड वार्ड बनाया गया है एवं स्वाइन फ्लू के रोगियो के उपचार के लिए 30 बिस्तर का वार्ड भी बनाया गया है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में भी 10 बिस्तर का अलग से वार्ड निर्धारित किया गया है, जहां पर स्वाइन फ्लू से संबंधित मरीजो का इलाज किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी से सहयोग की अपील की है। किसी भी प्रकार से पैनिक नहीं होना है कोरोना के समय जो प्रिकॉशन अपना रहे थे। उसी प्रकार से इसमे भी परहेज करना है। किसी भी प्रकार की बिमारी का लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र एवं नगर निगम भिलाई के कन्ट्रोल रूम 0788-2294303 पर संपर्क कर सकते है।



# मनरेगा से बैगा आदिवासियों को रोजगार मिल रहा : संदीप अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 3 सितंबर।** कबीरधाम जिले का 44 प्रतिशत क्षेत्र वनांचल है। जहां पर विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी निवासरत है। हमारे बैगा समुदाय के लोग एक स्थान से दूसरे स्थान में जाने के लिए अक्सर पहाड़ों के बीच पगडंडीयो से होकर जाना-आना करते हैं और ऐसे रास्ते उनके लिए परेशानियों से भरा होता है। जिले के विकासखंड पंडरिया के वनांचल ग्राम पंचायत कांदावनी के आश्रित ग्राम रूखमीदादर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से ग्रामीणों को रोजगार देते हुए स्थाई परिसंपत्ति का निर्माण करने के उद्देश्य से मिट्टी सड़क सह घाट कटिंग कार्य बाजार चैक से टीकाराम के घर तक का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। लगभग 1 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण हो जाने से लगभग 461 से अधिक आबादी वाले क्षेत्र को सीधे फायदा होने लगा है। जिसमें मुख्य रूप से दुर्गम पहाड़ी एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोग इससे लाभान्वित हों रहे है। क्योंकि सड़क बनने के पहले सकरे पगडंडियो से पथरिले एवं उबड़-खाबड़ रास्तो से चलना इनकी मजबूरी के साथ कठिनाइयां भरा था। लेकिन अब घाट कटिंग हो जाने से सुविधायुक्त बारहमासी सड़क का निर्माण हो गया है। 10 लाख 18 हजार 7 सौ रूपये की लागत से स्वीकृत यह कार्य 15 मार्च 2024 को प्रारंभ हुआ, जिसमें छः सप्ताह तक कार्य चला तथा 3613 मानव दिवस का रोजगार ग्रामीणों को मिला। इसमें प्रतिदिन 165 मजदूरों को रोजगार का अवसर मिला। इस कार्य में 7 लाख 60 हजार 7 सौ रूपये मजदूरी की राशि स्थानीय समुदाय के सीधे बैंक खाते में जारी किया गया। मुख्य रूप से वनांचल निवासी बैगा समुदाय के लोगो को इस कार्य से बड़ा लाभ हुआ है। क्योंकि पहले इस रास्ते पर चलना बहुत मुश्किल हुआ करता था लेकिन अब पहाड़ों को काटकर घाट कटिंग कर देने से यह रास्ता सुगम और आसान हो चला है। इससे गांव के लोगो को बाजार एवं अन्य स्थानों पर आने-जाने की सुविधा मिलने लगी है। इस कार्य में 95 परिवारों को रोजगार के साथ मजदूरी मिली और आवागमन का सुलभ साधन भी। निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना से ग्रामीणों की मांग पर अनेक कार्य स्वीकृत किए जाते हैं। सभी निर्माण कार्य का उद्देश्य होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का सृजन करते हुए स्थाई परिसंपत्तियों का निर्माण कर ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार करना। वनांचल में रहने वाले बैगा समुदाय की कठिनाइयों को देखते हुए पहाड़ी क्षेत्रों में घाट कटिंग कर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क बन जाने से आवागमन की सुविधाओं का विस्तार हो रहा है तथा इन सड़कों में मोटरसाइकिल के साथ-साथ टेंपो एवं ट्रैक्टर जैसे वाहन भी सुविधा के साथ चल रहे हैं।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 95 परिवारों को लगातार इस घाट कटिंग कार्य में रोजगार का अवसर मिलने से वो बहुत खुश है। सभी ग्रामीण बैगा समुदाय के लोग हैं और सड़क बन जाने से इन्हें बहुत लाभ हो रहा है। योजना का उद्देश्य ऐसे परिसंपत्तियों का निर्माण करना है जो स्थानीय समुदाय के काम आए और बहु उपयोगी होने के साथ-साथ ग्रामीणों की परेशानियों का समाधान करे। रूखमीदादर से बांगर के पास प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ते हुए यह सड़क बहु उपयोगी सिद्ध हो रहा है।



## समाचार संक्षेप

### शहर के हर प्रमुख पंडाल में होगी पुलिस की तैनाती

**भिलाई 3 सितंगबर।** अगले सप्ताह से शुरू हो रहे गणेशोत्सव के दौरान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त रखने का दावा किया है शहर के हर प्रमुख पंडालों पर पुलिस की तैनाती रहेगी साथ ही पेट्रोलिंग टीमें लगातार गश्त करती रहेंगीं इसके साथ ही नशेड़ियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई भी जारी रहेगी, ताकि त्योहार के दौरान नशेड़ियों के चलते कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश गणेशोत्सव के दौरान बड़े पंडालों पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए वहां पर पुलिस जवानों की तैनाती के निर्देश दिए हैं साथ ही महिला की भीड़ को देखते हुए वहां पर रक्षा टीम भी सक्रिय रहेगी इसके अलावा उन्होंने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान संकल्प के तहत नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई को और ज्यादा तेज करने के लिए कहा, ताकि नशे में वाहन चलाने के दौरान होने वाली घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की और अपराधियों पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि शहर का माहौल शांत रहे और आपराधिक गतिविधियों में कमी लाई जा सके एसपी ने अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों को दिए निर्देश नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई लागातार जारी रहेगी।

### बैठक में डीजे संचालकों को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की जानकारी दी गई



**कवर्धा 3 सितंबर।** त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र के डीजे धुमाल संचालकों के साथ बैठक कर जिले में शांति व्यवस्था स्थापित करने और यातायात वयवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं पुष्पेन्द्र बघेल के मार्गदर्शन में आज यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो द्वारा यातायात शाखा में थाना कवर्धा क्षेत्रअंतर्गत डीजे संचालकों की बैठक ली। बैठक में यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने डीजे धुमाल संचालकों को डीजे धुमाल संचालन के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी और नियमानुसार डीजे धुमाल संचालन करने की सलाह दी। साथ ही डीजे संचालन के दौरान किसी भी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला गाना नहीं बजाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने डीजे-धुमाल संचालकों से कहा कि साइलेंट जोन, अस्पताल, स्कूल, मंदिर, सरकारी कार्यालयों के आसपास डीजे संचालन प्रतिबंधित , साइलेंट जोन, अस्पताल, स्कूल, मंदिर, सरकारी कार्यालयों के आसपास डीजे संचालन प्रतिबंधित रहेगा। साइलेंट जोन में डीजे संचालित करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई आयोजक जबरदस्ती डीजे धुमाल चलाने के लिए मजबूर करता है तो इसकी सूचना थाना, पुलिस कंट्रोल को दी जाएगी ताकि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि वाहन चालक शराब पीकर गाड़ी ना चलाये और ज़बरदस्ती सकरा जगह वाहन को ना ले जाये।

### स्कूल , कालेज के आसपास तंबाकू गुटखा बेचने वालों पर कार्रवाई

**कवर्धा 3 सितंबर।** थाना क्षेत्र स्थित दुकान/ ठेला संचालकों द्वारा



लगातार पूर्व में कार्यवाही एवम समझाईस के वाबजूद लगातार सार्वजनिक जगहों,स्कूलों कालेजो एवम उद्यानों के आसपास तंबाकू उत्पाद- बीड़ी सिगरेट,गुटका,पान मसाला खुले आम विक्रय कर रहे थे जिसका छोटे बच्चो एवम छात्र छात्राओं युवा वर्ग पर बुरा असर पड़ रहा था, शहर के जागरूक नागरिक लगातार इस पर कार्यवाही की मांग श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. अभिषेक पल्लव के समक्ष किए थे। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार(भा.पु.से.),अति.पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुर्वेदी के द्वारा त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशीत करने पर आज दिनांक 02/09/24 को थाना कवर्धा पुलिस द्वारा शहर में घूम-घूम कर सार्वजनिक जगहों स्कूलों कॉलेजों के आसपास खुलेआम अवैध तरीके से गुटका पान मशाला,बीड़ी सिगरेट विक्रय करने वाले करीब 20 से अधिक दुकान/ठेला संचालकों पर चलानी एवं जप्ति की कार्यवाही की गई है। थाना कवर्धा पुलिस आप सभी सम्माननीय नागरिकों से अपील करती है की किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद गुटका सिगरेट का सेवन सार्वजनिक स्थान पर न करे, और ऐसा करने वालो को भी रोके, और स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बने। साथ ही साथ समस्त दुकान ठेला संचालकों से अपील करती है किसी भी प्रकार का धूम्रपान,पान मशाला, गुटका, तंबाकू उत्पाद,बीड़ी- सिगरेट का विक्रय स्कूल कॉलेज सार्वजनिक जगहों पर न करे ऐसा करते पाए जाने पर पुलिस द्वारा भविष्य में भी कड़ी कार्यवाही जी जायेगी, बार बार समझायीस और चलानी कार्यवाही के बावजूद दुबारा बेचते पाए जाने दुकान को शील करने की भी कार्यवाही की जाएगी। महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कवर्धा थाना प्रभारी लालजी सिन्हा , प्र0आर0- अमित चंद्रवंशी , आरक्षक- दिलीप बंजारे, मोंगरा सोनवानी,अभिषेक लकड़ा की भूमिका रही ।

# नौ माह के भाजपा शासन में महिलाएं असुरक्षित:कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार व गैंगरेप की घटनाएं बढ़ रही है और प्रदेश की भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो चुकी है। 09 माह में ही भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ में महिलाएं असुरक्षित हो गयी है। रोजाना प्रदेश में कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटनाएं घट रही है। माताएं-बहने, बेटियां अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज हमारी माताएं-बहनें, बेटियां अपने आपको असुरक्षित व असहाय महसूस कर रही है। प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा प्रेसवार्ता लेकर जानकारी दी।

अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश में रोजाना कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटनाएं घट रही है। माताएं-बहने, बेटियां अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। इससे बड़ा दुर्भाग्यजनक क्या हो सकता है कि राजधानी में महिलायें सुरक्षित नहीं है। रायपुर नया बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है, दूसरे दिन रिपोर्ट लिखा गया उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। बलात्कार का रिपोर्ट लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में लगी है। महिलायें खुले में बाहर निकलने में भयभीत हो रही है। बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर से लेकर राजधानी में भी महिलायें खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि सरकार जिसे इन मामलों को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करवाना चाहिये, वह बलात्कार जैसी घटनाओं को भी छुपाने और अपराधियों को बचाने का काम कर रही है। अभी तक 08 माह में प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध हुये है तथा 600 से अधिक बलात्कार की घटना हुई है। भिलाई के डीपीएस स्कूल में 04 साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना हो गयी। बिना एफआईआर के एसपी ने घटना को नकार दिया, जबकि पास्को एक्ट में प्रावधान है कि ऐसी कोई घटना होने पर पहले एफआईआर होना चाहिये उसके बाद जांच होनी चाहिये। भिलाई के बच्ची के साथ दुराचार के मामले में दो-दो डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बच्ची के निजी अंगों में चोट है कुछ गलत हुआ है। उसके बाद एसपी मामले को नकारते है। कांग्रेस अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने प्रदेश की भाजपा सरकार से पूछना चाहती है कि पुलिस ने एफआईआर कब कियाघ् मेडिकल बोर्ड का गठन कब हुआघ् बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण कब कराया गयाघ् घटना सरकार के संज्ञान में था। सरकार ने क्या कार्यवाही कियाघ् पास्को एक्ट में एफआईआर बिना किये क्लीनचीट दिये जाने के कारण एसपी पर कार्यवाही क्यों नहीं किया गयाघ् रायगढ़ के पुसौर में एक आदिवासी महिला के साथ 14 लोगों ने दुराचार किया, पुलिस रिपोर्ट लिखने में बहानेबाजी कर रही थी, मीडिया में दबाव के बाद रिपोर्ट लिखा गया। जशपुर के एक नाबालिक बच्ची के साथ सामूहिक दुराचार हो गया। कोण्डागांव में एक महिला के साथ सामूहिक दुराचार हो गया, 20 दिन तक रिपोर्ट नहीं लिखी गयी।

## एक नजर

### जोगी कांग्रेस फिर सक्रिय, गौरव सिंह बने जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष



**रायपुर 3 सितंबर।** गौरव सिंह को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के युवा मोर्चा के नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी ने पार्टी के गौरव सिंह नियुक्ति की है। इनकी प्रदेश के युवाओं में नगरीय निकाय चुनाव एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के पूर्व युवाओं को चार्ज करने के लिए की गई है। गौरव पूर्व में कई संगठनों से जुड़कर छत्तीसगढ़ के युवाओं की लगातार आवाज उठाते रहे रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को जोड़ने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री सौरभ झा, शमसुल आलम, अभिमन्यु नायक, अनिल, कुलदीप, मोंटू आदि मौजूद थे।

### देशी शराब भट्टी का मैनेजर प्रशासन पर भारी अवैध शराब तस्करी करवाने में

**छुरिया 3 सितंबर।** नगर पंचायत के अंतिम छोर पर स्थित देशी मदिरा दुकान होने के कारण शराब भट्टी में अवैध शराब तस्कर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नेशनल हाईवे तक चूनिदा बड़े तस्करों को बेखौफ शराब उपलब्ध भट्टी के सेल्समैन द्वारा कराए जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है ये संभव भी क्यों ना हो क्योंकि एक ही स्थान पर विगत 4 वर्षों से सेल्समैन जो जमा हुआ है एक ही शराब दुकान में लंबे समय से रहने के ही कारण शराब तस्करी जोरो से बढ़ा है आखिर प्रशासन व आबकारी विभाग किस बिना पर एक ही स्थान में लंबे समय तक सेल्समैन को रखें हुये है आये दिन शराब परिवहन करते हुए तस्कर तेज़ रफ्तार चार चकिया व दो चकिया वहानो से नगर के बीचों बीच खुले आम बेधड़क रोड पार कर परिवहन करतें आयें दिन देखने को मिलता है जिससे नगर में किसी अनहोनी होने से इन्कार नहीं किया जा सकता मतलब इन्हें आबकारी विभाग व पुलिस की खुली छूट कहें या प्रशासन पर भारी सेल्समैन व आबकारी विभाग बताया जाता है का एक बड़ा शराब तस्कर को भी प्रशासन के कुछ अधिकारियों का संरक्षण है तभी तो खुलेआम शराब की तस्करी करते हैं शराब तस्कर सरकार को बदनाम करने का कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं आबकारी विभाग व सेल्समैन सरकार को लाखों का राजस्व हानी पहुंच रहे हैं।

### भाजपा में सदस्यता अभियान की जोरदार तैयारी की जा रही

**रायपुर 3 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता अभियान का महापर्व प्रारंभ हो गया है आज दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता को लेकर इस अभियान को पूरे देश भर में प्रारंभ कर दिया है द्य कल दिनांक 2 सितंबर को प्रदेश की राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित तमाम वरिष्ठजन सदस्यता लेकर इस अभियान की शुरुआत कर दी है फिर 4 सितंबर से सभी जिलों में यह अभियान विधिवत प्रारंभ हो जाएगा। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला सदस्यता अभियान संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष सावन वर्मा जिले में सदस्यता अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में व्यापक उत्साह और उमंग है द्य पार्टी ने एक दशक बाद इस अभियान को प्रारंभ किया है, देश भर में करीब 10 करोड़ नागरिकों को पार्टी के सदस्यता से जोड़ने के बड़े लक्ष्य को लेकर प्रारंभ यह अभियान धीरे-धीरे अपने चरम की ओर पहुंच रहा है द्य पार्टी ने जिले में सदस्यता अभियान को लेकर व्यापक और जोरदार तैयारी की है अभियान में जमीनी कार्यकर्ता जुड़े इस हेतु बंदोबस्त किया जा रहा है इसे लेकर पहले चरण में जिला स्तर की बैठक फिर मंडलों में बैठक का दौर चला इसके बाद पार्टी नीचे उतारते हुए शक्ति केन्द्रों में बैठकर लेकर कार्यकर्ताओं को मुस्तैद कर दिया अब बूथ स्तर पर पार्टी अपनी जमीनी कार्यकर्ताओं की कार्यशाला लेकर मैदान में उतर रही है ताकि अभियान को जिले में मिले लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

### कलेक्टर ने उल्लास साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**उत्तर बस्तर कांकेर, 3 सितंबर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से जिले में एक से 8 सितम्बर 2024 तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री निलेश कुमार क्षीरसागर ने जन-जन को साक्षर बनाने के उद्देश्य से 'उल्लास नवभारत साक्षरता रथ' को जिला पंचायत परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित शिक्षकों को असाक्षरों को साक्षर बनाने की शपथ दिलाते हुए जिले में साक्षरता सप्ताह की शुरूआत की। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ एवं साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री सुमित अग्रवाल और जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक पटेल उपस्थित थे। इस संबंध में बताया गया कि एक से 8 सितम्बर 2024 तक आयोजित साक्षरता सप्ताह के दौरान शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साक्षरता सप्ताह का समापन 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के दिन होगा। इस साक्षरता सप्ताह के दौरान पूरे देश भर में जिला, ब्लाक, नगरीय एवं ग्राम पंचायत स्तर के साथ-साथ सभी शैक्षणिक संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल और सतत् शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। साथ ही साक्षरता सप्ताह के दौरान उल्लास पर सेमीनार और सम्मेलन का आयोजन, 02 सितम्बर को समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में ''उल्लास सबके लिए शिक्षा'' पर केन्द्रित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन, 03 सितम्बर को पंचायती राज संस्थाएं एवं नगरीय निकाय स्तरीय सम्मेलन, 04 सितम्बर को उल्लास महिला साक्षरता पर केन्द्रित कार्यक्रम, 05 सितम्बर को शैक्षणिक संस्थानों में उल्लास नवभारत साक्षरता पर केन्द्रित थीम पर भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन, 06 सितम्बर को नवाचारी गतिविधियों का प्रदर्शन और सतत् शिक्षा पर केन्द्रित कार्यक्रम, 07 सितम्बर को शैक्षणिक संस्थाओं में उल्लास साक्षरता रैली का आयोजन और अंतिम दिन 08 सितम्बर को राज्य स्तरीय उल्लास मेला और अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# जिले में विकास के लक्ष्य को पाने के लिए 30 सितंबर तक चलाया जाएगा अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 3 सितंबर।** भारत सरकार नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संपूर्णता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आज जिले की द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में संपूर्णता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार नीति आयोग द्वारा जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को आकांक्षी जिला के लिए चयनित किया गया है। जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास के लक्ष्य को शतप्रतिशत प्राप्त करने के लिए 30 सितंबर तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य संपूर्णता के साथ शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मुहिम चलेगा। इसके अंतर्गत तीन माह के समस्त गर्भवती माताओं को प्रसव पूर्व देखभाल की व्यवस्था किया जायेगा। पूरक पोषण आहार सभी गर्भवती माताओं को प्राप्त हो, इस दिशा में कार्य किया जायेगा। सभी बच्चों का टीकाकरण, क्षेत्र के सभी नागरिकों की बीपी-शुगर की जांच, स्कूलों में बुनियादी सुविधा मुहैय्या कराना, उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड वितरित करना, महिला समूह को रिवाल्विंग फंड्स उपलब्ध कराना है। इन निर्धारित लक्ष्य को संपूर्णता के साथ पूर्ण कर विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जाना है।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय थे। उन्होंने विभागीय स्टालों में पहुंचकर योजनाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री व चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर संपूर्णता रथ एवं सी एस आर मद से क्रय किए गए मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन जिले वासियों के लिए खुशी मनाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी नवोदित जिला है। जिला निर्माण के बाद यह जिला विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य के साथ जिले की स्थापना किया गया था। उस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में जिला आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सभी क्षेत्रों में विकास की कल्पना रखते हैं। देश का सभी क्षेत्रों में कैसे विकास हो, इसकी कल्पना व चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब की एक ही इच्छा है कि इस वनांचल क्षेत्र का सभी दिशाओं में तेजी से विकास हो और क्षेत्र के सभी लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठे। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर परिवर्तन की दिशा में एक आंदोलन का रूप लेकर जिला को आगे बढ़ाने की दिशा में सार्थक सहयोग करना होगा। सांसद श्री पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अल्प समय में अपने किये गये संकल्प को पूरा किया गया है। उन्होने कहा कि, शासन की विशेषता है कि जनता के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को विकसित जिला बनाने की रफ्तार में खड़ा करने के लिए हम सबको निरंतर मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोहला-मानपुर के विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए गर्व की बात है। आज ही के दिन जिले की स्थापना हुआ था। उन्होंने कहा कि जिले की स्थापना में क्षेत्र के सभी लोगों का सार्थक भागीदारी और सहयोग रहा है। विधायक श्री मंडावी ने कहा कि आकांक्षी जिला बनने से अनेक योजनाएं क्षेत्र के विकास में मददगार बनेगी। उन्होंने जिले के विकास में सभी से योगदान देने की बात कही।

इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक के अंतर्गत अब तक किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि आंकाशी जिला व ब्लाक के अंतर्गत चिन्हित छह बिंदुओं पर संघनता से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि जिला को अग्रणी और विकसित जिला बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जनपद पंचायत मानपुर के अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष श्रीमती विद्या रमेश ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, नरसिंह भंडारी, श्रीमती राधिका अंधारे, सरपंच श्रीमती सरस्वती ठाकुर, पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह, वन मण्डलाधिकारी दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हेमेंद्र भुआर्य, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिकगण, जिला प्रशासन के अधिकारीगण-कर्मचारीगण एवं आंगनबाड़ी कार्यकता, महिला समूह उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय से दशहरा मैदान तक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से संपूर्णता अभियान को सफल बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पोस्टर प्रदर्शित किया गया।

# जिले के अंतिम ग्राम पंचायत तक पहुंचे वाई-फाई की सुविधा:विधानसभा अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 सितम्बर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक डोंगरगढ़ श्री दलेश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू,कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिले के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और बहुत अच्छे से जिले के विकास कार्यों के संबंध के जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जिले के अंतिम ग्राम पंचायत तक वाई-फाई की सुविधा होने से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरपंच एवं सचिव से बात हो सकेगी। इसके लिए जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अमृत मिशन योजना तथा पंप लगने के बाद टैंक तक पानी पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर एवं मानव संसाधन की उपलब्धता के स्थायी समाधान के लिए कार्य योजना बनाएं। ट्रांसफार्मर की उपलब्धता के लिए टेंडर का कार्य जल्दी करवाएं। इसके लिए आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्य करें। उन्होंने पुनरूद्धार वितरण क्षेत्र योजना के अंतर्गत मद में प्राप्त राशि लैप्स हो जाने के कारण विकास कार्य बाधित होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि समय पर कार्य नहीं करने वाले कंपनी, कान्ट्रेक्टर को कैसिंल करें या ब्लैक लिस्ट करें। उन्होंने कहा कि गौठानों में चल रहे रीपा एवं चारागाह का बेहतर उपयोग करते हुए यह तय करें कि गौठान का और अच्छा उपयोग कैसे किया जा सकता है। ग्राम सभा में गौठान के संबंध में निर्णय लेते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ग्रामीण क्षेत्रों के लिए महत्वाकांक्षी योजना है और इसका क्रियान्वयन अच्छी तरह होना चाहिए। जल जीवन के मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व के प्रकरणों का निराकरण शिविर लगाकर करने के निर्देश दिए तथा अविवादित नामांतरण एवं बटवारा के प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को समीक्षा के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि अधिकारी नवाचार के साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। प्रशासन द्वारा शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए प्रक्रिया पूर्ण की जाती है, वहीं शासन द्वारा जनसामान्य के हितों को ध्यान में रखते हुए संतोषजनक स्थिति के लिए कार्य किया जाता है। जिले के अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्र में परिश्रम के साथ कार्य किया है। गुणवत्तापूर्ण कार्यों से जो परिवर्तन आते हैं, उसका एक अलग ही स्तर होता है। उन्होंने कहा कि सक्रियता के साथ प्रशासनिक अमले को कार्य करने की आवश्यकता है। शत-प्रतिशत मोबाईल नेटवर्क के माध्यम से जिले में वाई-फाई की व्यवस्था होनी चाहिए। पंचायती राज व्यवस्था में वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधा मिलने से प्रत्यक्ष तौर पर जनसामान्य से जुड़ सकेंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को अवैध शराब पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लखपति योजना अंतर्गत सीएलएफ कलस्टर की समीक्षा करते हुए इसके लिए कार्य योजना बनाएं ताकि समूह की महिलाओं द्वारा बनाएं गए उत्पाद की अच्छी तरह बिक्री हो सके। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि रेवाडीह कांजी हाऊस में गाय की संख्या अधिक है और यहां चारे और पानी की व्यवस्था होनी चाहिए।

### महिला सुरक्षा को लेकर घड़ियाली आँसू बहाने से पहले सुप्रिया को कांग्रेस शासनकाल की करतूतों को खंगाल लेना था:भाजपा

**रायपुर 3 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही ओछी राजनीति पर तीखा हमला बोला है। श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता व मीडिया चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत को छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे पर पत्रकार वार्ता लेकर घड़ियाली आँसू बहाने से पहले छत्तीसगढ़ के कांग्रेस शासनकाल की करतूतों को खंगाल लेना था। भूपेश सरकार के कार्यकाल में महिलाओं पर हुए अत्याचार-अनाचार की करतूतों को जानने के बाद श्रीनेत इस तरह का मिथ्या प्रलाप नहीं करतीं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस का समूचा राजनीतिक चरित्र शुरू से महिला विरोधी रहा है। नैना साहनी, जेसिका लाल की हत्या के मामलों की याद दिलाते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता श्रीनेत आज जिस कुर्सी पर बैठी हैं, कभी उस कुर्सी पर बैठने वाली कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ इसी छत्तीसगढ़ में क्या कुछ नहीं घटा?

# आयुक्त ने गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 सितम्बर।** आगामी गणेश पर्व के लिए बनने वाले गणेश प्रतिमा में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग नही करने पखवाडा पूर्व निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने शहर के गणेश प्रतिमा निर्माण करने वाले मूर्तिकारों से प्रतिमा निर्माण के लिये मिट्टी का उपयोग करने की अपील की थी, इसी परिप्रेक्ष्य में आज उनके द्वारा तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने रेवाडीह सहित अन्य कांजी हाउस का भी निरीक्षण कर मवेशियों के लिए दाना-पानी की पर्याप्त भंण्डारण के निर्देश दिए। आयुक्त श्री गुप्ता ने गणेश प्रतिमा निर्माण स्थलों मे जाकर मूर्तिकारों द्वारा बनाए जा रहे गणेश प्रतिमा का निरीक्षण कर मूर्तिकारों से गणेश निर्माण की जानकारी ली। उन्होने कहा कि, शासन निर्देशानुसार प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योकि प्लास्टर आफ पेरिस पानी में घुलता नहीं है और उससे नदी एवं तालाब का पानी



प्रदुषित होता है। जिसे ध्यान में रखते हुये मिट्टी से ही गणेश प्रतिमा का निर्माण करना है। मूर्तिकारों ने जानकारी दी कि, मूर्ति निर्माण के लिए काली मिट्टी अथवा कछारी मिट्टी का उपयोग किया जाता है, तालाब के किनारे से मिट्टी लाकर पैरा मिलाकर मूर्ति का निर्माण किया जाता है। आयुक्त ने कहा कि, बडी-छोटी किसी भी प्रकार की प्रतिमा में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग न करें, उपयोग करते पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। इसी कड़ी में उनके द्वारा मोहारा नदी के समीप स्थित विसर्जन कुण्ड का निरीक्षण कर कुण्ड की सफाई करने, आस-पास की कटीली झाडिया काटकर साफ-सफाई कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता रेवाडीह कांजी हाउस पहुंच मवेशियों के लिए आवश्यक व्यवस्था की जानकारी ली। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने बताया कि मवेशियों के दाना-पानी देने कर्मचारी रहते है, उनके द्वारा समय-समय पर दाना-पानी दिया जाता है। मवेशी छोड़ाने की स्थिति में कर्मचारी के द्वारा प्रभारी को सूचित किया जाता है तथा प्रभारी द्वारा नियमानुसार शुल्क लेकर रसीद काटकर मवेशी छोड़ा जाता है। आयुक्त ने कहा कि, कांजी हाउस में मवेशियों के लिए दाना-पानी, पैरा-कुट्टी का पर्याप्त भंण्डारण हो इसके लिए कर्मचारी सदैव तैनात रहे, किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पर प्रभारी अधिकारी को सूचित करें। आयुक्त श्री गुप्ता कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके सहित, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उपअभियंता श्री अनिमेष चन्द्राकर व श्री तिलक राज ध्रुव, राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, सहउद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी, जिला समन्यवक श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू के साथ मोहड़ में निर्माणाधीन कांजी हाउस का निरीक्षण कर शेष कार्य सीमेन्टीकरण, कोटना निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराने के अलावा बिजली पानी की व्यवस्था करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके को दिए, उन्होने कन्हारपुरी कांजी हाउस में भी मरम्मत कराने कहा। उन्होने कहा कि, चौक-चौराहों एवं सड़कों में बैठे मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखे, मवेशी मालिको को कड़ाई से समझाईस देवे अपालन पर जुर्माना लगावे, मवेशियों को कांजी हाउस से नियमानुसार शुल्क जमा करने उपरांत ही छोड़े।

## समाचार संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में कई प्रमुख हस्ती हुए शामिल



**रायपुर 3 सितंबर।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन मोहन बीघाने और श्रीमती बबली बीघाने द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, कांग्रेस के पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, एनएसयूआई के अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी, भाजपा प्रवक्ता रितेश मोहरे और कांग्रेस प्रवक्ता संजीव शुक्ला शामिल हुए। यह आयोजन महेश्वरी भवन, कमल विहार में बड़े धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित किया गया और मटकी फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसके अलावा, लल्लू महाराज द्वारा संगीतमय कृष्ण लीला का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया, जिससे भक्तगण भावविभोर हो उठे। इसके साथ ही, भजन संध्या का भी आयोजन हुआ, जिसमें कृष्ण भक्ति के सुर लहराए।

### खैरागढ़ की टीम प्रथम एवं बिलासपुर की टीम दूसरे स्थान पर रही



**खैरागढ़ 3 सितंबर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम अछोली में अंजनीसुत संगठन एवं समस्त ग्रामवासी के साहियोग से राज्य स्तरीय एक दिवासीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पुराना,अछोली के गोकुल स्टेडियम में (गौठान) में 31 अगस्त दिन शनिवार को किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बालोद, महासमुंद, रायपुर के साथ महाराष्ट्र तथा हरियाणा के कबड्डी की टीम ने भाग लिया कल 26 टीमों ने भाग लिया, 2 दिन तक चले कबड्डी के महासंग्राम में सभी टीमों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया जिसके चलते कबड्डी के मैदान में सैकड़ो की संख्या में भीड़ खचाखच भरी रही इस दौरान कबड्डी मैदान में अतिथियों के आने एवं जाने का सिलसिला चलता रहा वही दो दिन तक चले इस महासंग्राम का फाइनल मैच खैरागढ़ एवं बिलासपुर कोटा की टीम के मध्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महिला अध्यक्ष लता साहू, कांग्रेस जिला महामंत्री चुंमन दास साहू, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता फिरंगी राम पटेल जोधन दास साहू सियाराम पटेल आदि की उपस्थिति में खेला गया कार्य प्रतियोगिता की रोमांचता देखते हुए अतिथियों ने खेल का खूब लुफ्त उठाया वहीं प्रतियोगिता में खैरागढ़ की टीम प्रथम एवं बिलासपुर कोटा द्वितीय, बिलासपुर मस्तूरी तृतीय एवं मेढा, राजनांदगांव की टीम चौथे स्थान पर रहे जिसमें प्रथम पुरस्कार 20001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 15001 ? तृतीय पुरस्कार 10001 रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 7001 ? विजय टीमों को स्मृति चिन्ह के साथ प्रदान करते हुए आयोजक समिति एवं खिलाड़ियों बांधो को अतिथियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पुलिस ने शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करने वाले को भेजा सलाखों के पीछे

**राजनांदगांव 3 सितंबर।** प्रार्थी राकेश झारिया निवासी पेण्ड्री राजनांदगांव आज थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के



घर पास एक शिव मंदिर पिछले साल श्रावण मास में प्रार्थी द्वारा निर्माण कराया गया था जिसमें लोग पूजा अर्चना करते है जो पड़ोसन ने बताई कि उसका लड़का प्रकाश गनवीर ने शिव मंदिर में रखे शिवलिंग को रात में 3 बजे तोड़ दिया है तब जाकर देखे तो शिवलिंग नीचे जमीन में पटकाया हुआ टूटा था । तब प्रकाश गनवीर को बुलाकर पूछे तो वह अपनी मां को गाली देने लगा कि तुम क्यों बताई हो प्रकाश गनवीर के द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाते हुए मंदिर के शिवलिग को तोड दिया है। की रिपोर्ट पर अपराध कमांक 366/24 धारा 298 बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। उक्त घटना धार्मिक भावनाओं से जुड़े होने व घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया एवं श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में, घटना आमजनो की धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंचने एवं घटना स्थल के आस पास के लोग आकोशित होने तथा लोक शांति भंग होने की पूर्ण संभावना होने से कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रकाश गनवीर पिता सुखदेव गनवीर उम्र 30 वर्ष निवासी पेंड्री थाना लालबाग जिला राजनांदगांव को तत्काल गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दिया गया बाद न्यायिक रिमांड वास्ते मान. न्यायालय पेश किया गया सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप, उनि गीतांजली सिन्हा, आर0 राकेश धुर्वे, प्रशांत भदौरिया की सराहनीय भूमिका रही।

संपादकीय

# राज्य में चुनाव मतलब अपना हित सर्वोपरि

राजनीति में राजनीतिक दलों के लिए तो चुनाव मतलब होता है कि अपना हित सर्वोपरि। देशहित व बाकी दलों के बारे में बाद में सोचा जाता है। खासकर विपक्षी दल जिस राज्य में वह खुद मजबूत होते हैं,वह नहीं चाहते हैं कि वहां कोई और दल मजबूत होकर उनको चुनौती दे। लोकसभा चुनाव में तो विपक्षी दल भाजपा व पीएम मोदी को हराने के लिए कम से कम एकजुट होने का प्रयास तो करते है, उनका एक लक्ष्य तो रहता है कि हमको मोदी को हराना है। भले ही सारे विपक्षी दल भाजपा व मोदी के खिलाफ एकजुट न हो सकें लेकिन कुछ दल मिलकर गठबंधन को बनाते हैं और कहीं कहीं मिलकर चुनाव तो लड़ते हैं। उनको भले ही ज्यादा सफलता न मिले लेकिन वह मोदी की सीटें कम करने में सफल तो होते हैं। गत लोकसभा चुनाव में विपक्ष कुछ राज्यों में एकजुट हुआ तो भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला यह विपक्ष का सफलता है लेकिन एनडीए को बहुमत पाने से वह रोक नहीं सके, यह विपक्ष की बड़ी असफलता है। इस असफलता की वजह यही है कि विपक्ष के पास ऐसा कोई नेता नहीं है जो पूरे देश के विपक्ष को एकजुट कर सके। विपक्ष के पास नेता तो बहुत हैं लेकिन ऐसा कोई नेता नहीं है जो अपने राजनीतिक हित से ऊपर उठकर विपक्ष के राजनीतिक हित के बारे में सोच सके और विपक्ष को पूरे देश में एक साथ चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित कर सके। यह काम नीतीश कुमार बखूबी कर सकते थे लेकिन विपक्ष ने उनके महत्व को नहीं समझा और उनको भाजपा के पाले में जाने को मजबूर कर दिया। बाकी नेता राहुल गांधी,शरद पवार,केजरीवाल,ममता बैनर्जी,तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव,उध्दव ठाकरे, स्टालिन ऐसे नेता हैं जो चाहते तो हैं कि वह विपक्ष का नेतृत्व तो करें लेकिन वह अपने राज्य के राजनीतिक हित के बारे में पहले सोचते हैं, वह यही सोचते हैं कि उसकी स्थिति पहले अपने राज्य उसके बाद केंद्र की राजनीति में कैसे मजबूत हो सकती है। इससे कई राज्यों के चुनाव में वह जीतते हैं तो कई राज्यों में भाजपा जीतती है। सितंबर व अक्टूबर में दो राज्यों हरियाणा व जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस चुनावों में विपक्षी एकता तार तार होनी है। कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है इसलिए उसकी बड़ी जिम्मेदारी थी कि वह विपक्ष के लोगों को साथ लेकर इन राज्यों में चुनाव लड़ती। कांग्रेस ने जहां वह कमजोर है, यानी की जम्मू कश्मीर में उसने नेकां के साथ गठबंधन कर लिया। वह चाहती तो नेकां का इस बात के लिए तैयार कर सकती थी कि कुछ सीटें जम्मू कश्मीर में सपा को भी दे दिया जाए लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। नेकां तो कांग्रेस को कमजोर होने के कारण कम सीटें दी है, ऐसे में यदि कांग्रेस सपा को भी सीटें देने की बात करती तो नेकां को अपनी सीटें नहीं देती, कांग्रेस को अपनी ही सीटों में से कुछ सीटें देनी पड़ती। कांग्रेस ने सपा को सीटें देने मना तो नहीं किया है लेकिन उसकी चुप्पी से साफ है कि वह नहीं चाहती है कि विपक्ष को कोई और दल कश्मीर में चुनाव लड़े। कांग्रेस हरियाणा में मजबूत स्थिति में है, इसलिए वह यहां भी अकेले चुनाव लड़कर अकेले सत्ता में आना चाहती है। यहां वह किसी को सत्ता में भागीदार नहीं बनाना चाहती है यानी वह यहां नहीं चाहती है कि विपक्ष को कोई दल चुनाव लड़े। लेकिन वह किसी को चुनाव लड़ने से तो रोक नहीं सकती। अरविंद केजरीवाल तो पंजाब व दिल्ली की तरह हरियाणा में आप की सरकार बनाना चाहते हैं, इसलिए उनका हरियाणा में चुनाव लड़ना तो तय है। जहां तक सपा का सवाल है तो अखिलेश यादव भी अब चाहते हैं कि वह राष्ट्रीय राजनीति में अपनी स्थिति को मजबूत करे, सपा को राष्ट्रीय दल और खुद को राष्ट्रीय नेता के रूप में स्थापित करें। वह चाहते हैं कि इसमें कांग्रेस उनकी मदद करे जैसे उन्होंने यूपी में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए राहुल गांधी की मदद की थी।कांग्रेस यूपी में तो अखिलेश यादव का सहयोग चाहती है लेकिन जम्मू कश्मीर व हरियाणा में वह सपा की कोई मदद नही करना चाहती है, इससे नुकसान कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में तो होना ही है। केंद्र की राजनीति में होगा क्योंकि वह जब केंद्र की राजनीति मे अखिलेश व केजरीवाल से मदद चाहेंगे तो वह भी मदद नहीं करेंगे। सीधी सी बात है जो मदद करता है, उसे मदद मिलती है।

स्मरण

ललित गर्ग

# उमेश उपाध्याय पत्रकारिता एवं राष्ट्रवादी सोच के प्रतिभापुंज



पत्रकारिता के एक महान्‌ पुरोधा पुरुष, मजबूत कलम एवं निर्भीक वैचारिक क्रांति के सूत्रधार, उत्कृष्ट राष्ट्रवादी, प्रखर मीडिया प्रशासक एवं लेखक उमेश उपाध्याय अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका 66 वर्ष की उम्र में 1 सितम्बर 2024 को एक दुर्घटना में इस तरह अलविदा कह देना स्तब्ध कर रहा है, गहरा आघात दे रहा है, समूचा पत्रकार जगत अपने इस योद्धा को खोकर गममीन एवं दुःखी है। एक संभावनाओं भरा हिन्दी पत्रकारिता एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल पत्रकारिता जगत के लिये बल्कि भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये अपूरणीय क्षति है। टेलीविजन, प्रिंट, रेडियो और डिजिटल मीडिया में चार दशकों से अधिक के अपने करियर के दौरान उन्होंने प्रमुख मीडिया संगठनों में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। मीडिया उद्योग की बारीकियों की गहरी समझ, पत्रकारिता की ईमानदारी के प्रति समर्पण और तेजी से बदलते मीडिया उद्योग के साथ सामंजस्य बिठाने की उनकी कुशलता के लिए वे जाने जाते थे। उमेश उपाध्याय का जीवन सफर आदर्शों एवं मूल्यों की पत्रकारिता की ऊंची मीनार है। उनका निधन एक युग की समाप्ति है।

उमेश उपाध्याय वरिष्ठ भारतीय टेलीविजन पत्रकार, लेखक और मीडिया कार्यकारी थे। उनकी पुस्तक ह्लवेस्टर्न मीडिया नैरेटिव्स ऑन इंडिया-गांधी टू मोदीह्व विदेशी मीडिया के भारत विरोधी एजेंडे की संदिग्धता को उजागर करती है। विदेशी मीडिया की भारत विरोधी साजिश को भी बेनकाब करने में इस पुस्तक की महत्वपूर्ण भूमिका है। टीआरपी की रेस में तेजी से दौड़ते न्यूज चैनल के प्रमुख कर्ताधर्ता होने के बावजूद औरों से इतर, चीख-चीत्कार से दूर रचनात्मक एवं सृजनात्मक टीवी पत्रकारिता करते हुए उन्होंने जो मूल्य-मानक स्थापित किये, वे लम्बे दौर तक अविस्मरणीय रहेंगे। उनकी बड़ी विशेषता रही कि वे अपने सहकर्मियों के साथ सहज, सरल और शालीन व्यवहार करते हुए सबके प्रिय एवं आत्मीय बने रहे। उमेश उपाध्याय ने बदलते समय और तकनीक के साथ-साथ अपनी कम्युनिकेशन स्किल को और ज्यादा धार दी। वे एक स्वतंत्र लेखक, स्वतंत्र मीडिया सलाहकार और विश्लेषक भी थे। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में मीडिया के अध्यक्ष और निदेशक के रूप में काम किया, इससे पहले वे नेटवर्क 18 में समाचार के अध्यक्ष थे। मीडिया और शिक्षा जगत में अपने 25 साल से ज्यादा लंबे करियर के दौरान उन्होंने जनमत टीवी में चैनल हेड, जी न्यूज में कार्यकारी निमार्ता और आउटपुट संपादक, होम टीवी में कार्यकारी निमार्ता, दूरदर्शन के संवाददाता और प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया में उप संपादक रहे। उन्होंने सब टीवी में भी काम किया। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में एक व्याख्याता के रूप में अपना करियर शुरू किया, ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) के साथ एक राजनीतिक विश्लेषक और टिप्पणीकार रहे हैं और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्य भी रहे हैं।

1959 में मथुरा में जन्मे उपाध्याय ने 1980 के दशक की शुरूआत में पत्रकारिता को करियर के रूप में अपनाया। उपाध्याय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) और दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र थे। उन्होंने जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज से मास्टर्स और एम.फिल किया और दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद के सदस्य के रूप में कार्य किया। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय जनसंचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल की प्रबंध समिति और कार्यकारी परिषद, राष्ट्रीय जनसंचार एवं पत्रकारिता संस्थान, अहमदाबाद की सलाहकार परिषद, आईआईएमसी सोसाइटी, भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली की कार्यकारी परिषद और भारतीय राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय सोसाइटी (एनओएस) के कार्यकारी बोर्ड के वे सदस्य रहे। उपाध्याय को पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में आजीवन योगदान के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वे एक सार्वजनिक वक्ता और मीडिया मुद्दों के विशेषज्ञ भी थे। उपाध्याय समसामयिक राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित टिप्पणीकार एवं स्तंभकार थे। उपाध्याय ने रायपुर में दिशा एजुकेशन सोसाइटी के निदेशक के रूप में शैक्षणिक क्षेत्र में एक वरिष्ठ पद संभाला। उन्होंने दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मामलों का प्रबंधन किया और उन्हें दिशा विश्वविद्यालय के प्रो वीसी के रूप में नामित किया गया था। उपाध्याय नई दिल्ली में नारद जयंती पुरस्कारों के लिए जूरी के सदस्य भी थे। उपाध्याय भोपाल के माखन लाल राष्ट्रीय पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के लिए एक नए कुलपति का चयन करने वाली खोज समिति के सदस्य भी थे।

उमेश उपाध्याय को निर्भीक विचारों, स्वतंत्र लेखनी और बेबाक राजनैतिक टिप्पणियों के लिये जाना जाता रहा है। उनको पढ़ने वाले लोगों की संख्या लाखों में है और अपने निर्भीक लेखन से वे काफी लोगों के चहेते थे। उन्होंने पत्रकारिता में उच्चतम मानक स्थापित किये। अपनी कलम के जरिये उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कलम जब भी चली उन्होंने लाखों लोगों की समस्याओं को सरकारों और प्रशासन के सामने रखा और भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था को और मजबूत बनाने में योगदान दिया। हम उन्हें भारतीयता, पत्रकारिता का अक्षयकोष कह सकते हैं, वे चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे तो गहन मानवीय चेतना के चितेरे जुझारु, निडर, साहसिक एवं प्रखर व्यक्तित्व थे। वे एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व थे, जिन्हें पत्रकार जगत का एक यशस्वी योद्धा माना जाता है। उन्होंने आमजन के बीच, हर जगह अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया।

लाखों-लाखों की भीड़ में कोई-कोई उपेशजी जैसा विलक्षण एवं प्रतिभाशाली व्यक्ति जीवन-विकास की प्रयोगशाला में विभिन्न प्रशिक्षणों-परीक्षणों से गुजर कर महानता का वरण करता है, विकास के उच्च शिखरों पर आरूढ़ होता है और अपनी मौलिक सोच, कर्मठता, कलम, जिजीविषा, पुरुषार्थ एवं राष्ट्र-भावना से समाज एवं राष्ट्र को अभिप्रेरित करता है। उन्होंने आदर्श एवं संतुलित समाज निर्माण के लिये कई नए अभिनव दृष्टिकोण, सामाजिक सोच और राष्ट्रीयता से ओतप्रोत सकारात्मक वातावरण निर्मित करने की शुरूआत की। देश और देशवासियों के लिये कुछ खास करने का जज्बा उनमें कूट-कूट कर भरा था। वे समाज एवं पत्रकारिता के लिये पूरी तरह समर्पित थे। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। वे जितने उच्च नैतिक-चारित्रिक पत्रकार थे, उससे अधिक मानवीय एवं सामाजिक थे। उनके जीवन के सारे सिद्धांत मानवीयता एवं राष्ट्रीयता की गहराई ये जुड़े थे और उस पर वे अटल भी रहते थे। किन्तु किसी भी प्रकार की रूढ़ि या पूर्वाग्रह उन्हें छू तक नहीं पाता। वे हर प्रकार से मुक्त स्वभाव के थे और यह मुक्त स्वरूप भीतर की मुक्ति का प्रकट रूप है।

उमेश उपाध्याय के नेतृत्व में जी न्यूज ने अपनी पहुंच और प्रभाव का काफी विस्तार किया, और पूरे भारत में एक जाना-माना नाम बन गया। उनके कुशल मीडिया प्रबंधन और सामग्री वितरण के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण के कारण उनके साथियों में भी उनका काफी सम्मान था। अपने पूरे करियर के दौरान, उमेश उपाध्याय को जिम्मेदार पत्रकारिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता था। उन्होंने समाचारों के नैतिक प्रसार का समर्थन किया और पत्रकारों की अगली पीढ़ी को मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी अध्यात्म में गहरी रुचि एवं उनका खुद गहरा आध्यात्मिक चिंतन था। भारत के संतों एवं आध्यात्मिक गुरुओं में वे बड़ी आस्था रखते थे और अक्सर उनसे मिलकर गहन चचाएं करते थे। उनके घर का परिवेश भी अध्यात्ममय था, जहां रामायण आदि का पाठ अक्सर होता रहता था। वे नए तरीके से सोचने में विश्वास रखते थे यही वजह है कि उन्होंने उसे समय पर न्यूज और व्यूज यानी जनहित एवं मनोहारिता को मिक्स करने के कई प्रयोग किये और वे सफल भी रहे, जिन्हें बाद में कई लोगों ने आजमाया। उन्होंने डिजिटल मीडिया की इतनी संभावनाओं से करीब एक दशक पहले ही यह बात कह दी थी कि आने वाला समय टेलीविजन से हटकर मोबाइल में सिमट जाएगा।

उमेशजी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल प्रखर पत्रकार, लेखक, कुशल मीडिया प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ पत्रकारिता, समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे गहरे मानवीय सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ व्यक्तित्व थे। बेशक उमेशजी अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने सफल लेखक-पत्रकार

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। विद्यार्थी परीक्षा में अच्छा नाम कमाएंगे। कारोबार में आपको लाभ के अवसरों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको अपने कामों को लेकर कुछ जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा, नहीं तो समस्या हो सकती है। आपको किसी नए काम को करना बेहतर रहेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मिले-जुले परिणाम लेकर आने वाला है। आज आपको किसी के कहने में आकर धन खर्च करना पड़ेगा, लेकिन आप अपनी आय को ध्यान में रखकर व्यय करेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। संतान के भविष्य को लेकर आपको धन निवेश करने के प्लानिंग करेंगे। बिजनेस में आपको कोई कदम जल्दबाजी में उठाने से बचना होगा, नहीं तो उसमें आपसे गड़बड़ी हो सकती हैं। आप किसी रुके हुए काम को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको कार्यक्षेत्र में किसी काम के पूरा होने से पुरस्कार भी मिल सकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों की गति पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको अपने साथियों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा है, तो उसके लिए आप अनुभवी व्यक्तियों से सलाह की आवश्यकता होगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे और धार्मिक कार्यों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की आवश्यकता है। आपका यदि कोई नुकसान होगा, तो वह भी दूर हो सकता है। आप अपनी शान शौकत की चीजों पर अच्छा धन व्यय करेंगे। प्रेम जीवन में आपको साथी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको कुछ झगड़ालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके खर्चे तो बढ़ेंगे, लेकिन आपको परेशानी ज्यादा नहीं देंगे। आप अपने कामों को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं दिखाएंगे।

सिंह- आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय बहुत ही सोच विचारकर लेने के लिए रहेगा। आपको आवेश में आकर कोई निर्णय नहीं लेना है। आपके दिये गये सुझावों का स्वागत होगा, जो आपको खुशी देगा। भाई व बहनों से चल रही समस्याएं दूर होंगी और पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेगी। आपका लंबे समय से रुका हुआ धन आपको मिलने की संभावना है। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा। नवविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कुछ बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आप बेवजह के खर्चो को करने से बचें। कार्यक्षेत्र में आप अपने शत्रुओं को आसानी से मात दे सकेंगे। आज आपका बेवजह का नुकसान हो सकता है। आपको अपने खर्चो को कंट्रोल में लाने की आवश्यकता है। पारिवारिक मुद्दों को आप मिलजुलकर निपटा पायेंगे क्योंकि किसी काम में बेवजह का तनाव रहने की संभावना है। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लगेगी, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपको किसी कारोबार से जुड़े मामले में डील देने से बचना होगा। आपकी कुछ नए कामों के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था,तो आपको उसे भी समय रहते पूरा करना होगा। आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे, जिन्हें आप अपनी चतुर बुद्धि से आसानी से मात दे सकेंगे। संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको राजनीति में भी कदम बढ़ाने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में रोमांस भरपूर रहेगा और साथी को एक दूसरे के साथ घूमना पसंद आएगा। आप किसी बात को लेकर उसे बेवजह झूठ न बोले। आपको अपनी संतान के करियर की चिंता रहेगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है, जो उन्हें खुशी देगा और आपको कामों में जल्दबाजी करने के कारण कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सेहत में यदि समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपको अपने किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए अपने किसी मित्र से बातचीत करनी होगी। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको अपने किसी काम को लेकर यदि समस्या आ रही थी, तो वह दूर होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप बाकी कामों में अच्छा नाम कमाएंगे। आप सेहत में आज कुछ गिरावट आ सकती है, जो आपको समस्या देगी। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप कोई भी ऐसा काम ना करें, जो आपको आपको समस्या दे। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपका बिजनेस पहले से ग्रो करेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की साख चारों ओर फैलेगी और आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन होने की संभावना है। आप किसी वाद-विवाद में ना पड़े, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी काम को लेकर समस्या हो सकती है, जिससे आपको दूर रहने की आवश्यकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको अपने आसपास रहने से सावधान रहने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो आप उसे अपने अनुभव से पूरा करके देंगे, जिससे आपके बॉस भी आपसे खुश रहेंगे। आपको किसी वाद विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है। भाई बहनों से आपकी खूब पटेगी। आपको आज किसी काम को लेकर यदि तनाव चल रहा है, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करे।

शिक्षक दिवस विशेष ...

# हर सफल विद्यार्थी के पीछे छिपा होता है एक शिक्षक

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

शिक्षक दिवस मेरे लिए एक अवसर होता है , जब मैं खुद को एक शिक्षक होने के नाते तराजू पर तौलने का प्रयास करता हूं



। वास्तव में एक अच्छे शिक्षक में कौन से गुण होने चाहिए ? उन्हें मैने अपने जीवन में प्राप्त किए हैं या नहीं ? यह एक बड़ा सवाल प्रतिवर्ष 05 सितंबर को मुझे आत्मावलोकन के लिए प्रेरणा प्रदान कर रहा होता है ! आज विचार कर रहा हूं तो मन में अच्छे शिक्षक की विशेषताऐं कौंधने लगी हैं । एक अच्छा शिक्षक बनने के लिए यह जरूरी है कि अपने द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय में महारत हासिल हो । इसके अलावा शिक्षार्थी का मनोविज्ञान समझना , उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि को समझकर उसे बड़े स्नेह से शिक्षा की ओर अग्रसर करते रहना भी शिक्षक का परम कर्तव्य होना चाहिए । सारे बच्चों को बिना भेदभाव के शिक्षा प्रदान करना भी एक शिक्षक का विशेष गुण होना चाहिए । हमारा समाज इस बात को भलीभांति जानता है कि शिक्षक ही बच्चों को हर परिस्थिति का ज्ञान प्रदान करते हैं । उन्हें शारीरिक , व्यक्तित्व ,और मानसिक , शक्ति के साथ जीवनशैली को बेहतर और प्रगाढ़ बनाने का कौशल भी एक शिक्षक ही सिखाया करता है ! एक शिक्षक के कुशल मार्गदर्शन में ही बच्चे अपने भविष्य में आने वाली अच्छी या बुरी परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार हो पाते हैं । शिक्षकों के साथ ही शिक्षा के महत्व को उजागर करते हुए लिखा गया है :-

येषाम न विद्या , न तपो न दानम ,
ज्ञानम न शीलम , न गुणों न धर्मः,
ते मत्यालोके भूर्विभारभुता , मनुष्य
रूपेण मृगाश्चरांति ।।

अर्थात जिन लोगों के पास न तो विद्या है , न तप , न दान , न शील , न गुण और न ही धर्म वे लोग पृथ्वी पर भार हैं और मनुष्य के रूप में जानवर की तरह घूमते रहते हैं !

इस दुनिया में शिक्षक ही वह ज्ञान का पुंज रखता है , जो एक विद्यार्थी को डॉक्टर , इंजीनियर , वैज्ञानिक , वकील और कुशल व्यापारी बना सकता है । पूर्ण रूप से शिक्षा प्राप्त युवक ही किसी भी कार्य को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कर सकता है । इसलिए कहा जाता है कि एक कुशल व्यक्ति के पीछे एक ज्ञानवान शिक्षक छिपा होता है । इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि मेधावी शिष्य के प्रति गुरु का लगाव सहज ही स्थापित हो जाता है । इसे हम अर्जुन और गुरु द्रोणाचार्य के संदर्भ में समझ सकते हैं । शिक्षक पारंपरिक , गैर - पारंपरिक , आध्यात्मिक अथवा उस प्राकृतिक या कृत्रिम स्त्रोत की तरह माने जाते हैं जो स्वयं प्रकाशित होकर अंधेरे में उजास भरने और अंधकार को दूर कर राह दिखाने का काम करते हैं । हम यदि अपने हृदय में शिक्षकों के लिए पूर्ण सम्मान का आदर रखते हैं तो हमें हमारे शिक्षक साक्षात मां शारदा का स्वरूप लिए दिखाई पड़ते हैं । शिक्षक हमारे अनेक प्रकार के भय को दूर कर जीवन को भयमुक्त और जीवन से परे ले जाकर अदभुत सुख - शांति प्रदान करने वाले मार्ग का निर्धारण कर दिखाते हैं । शिक्षक द्वारा प्रदान की गई शिक्षा को हम सबसे शक्तिशाली हथियार मान सकते हैं । कारण यह कि इसी के दम पर हम दुनिया को बदलने की शक्ति अपने अंदर समाहित कर पाते हैं । एक शिक्षार्थी को यह गूढ़ रहस्य सदैव अपने मस्तिष्क में संजो कर रखना चाहिए कि वह तभी तक जीवन की हर शिक्षा ग्रहण कर सकता है जब तक खुद को एक छात्र की श्रेणी में रखता है । कारण यह कि कुछ भी सीखने के लिए नम्रता का गुण होना जरूरी है । इस बात को भी ध्यान में रखना चाहिए कि जिस दिन आपके सामने कोई समस्या न आए , उस दिन यह यकीन कर लेना चाहिए कि हम गलत मार्ग पर जा रहे हैं । किसी शिक्षक द्वारा कही गई यह बातें सिद्ध करती हैं कि समस्या का मार्ग कठिनाई भरे रास्तों से होकर ही गुजरा करता है ! कभी किसी समस्या को अपनी असफलता मानते हुए खुद पर भारी न पड़ने दें । हमारे जीवन में एक शिक्षक की नितांत आवश्यकता हमेशा महसूस की जानी चाहिए । यही सोच हमें बोलने , खाने , पहनने , चलने , आचरण करने आदि का व्यवहार सिखाती है । शिक्षक हमारे जीवन में हमारे लिए केवल डिग्रियों की फाइलें सजाने के लिए नहीं वरन परहितकारी प्राणों में हमारे जीवन को तराशने का मार्ग होते हैं । शिक्षक ही हमें यह ज्ञान प्रदान करते हैं कि हम मानवीय जीवन में ऐसा कोई काम न करें जिससे अन्य लोगों को कष्ट उठाना पड़े । शिक्षकों में वह शक्ति निहित होती है , वह अग्नि प्रज्वलित दिखाई देती है जो अपने शिक्षार्थी सहित अन्य लोगों के बंद दिमाग के दरवाजे और खिड़कियों को खोलकर उसमें नई ऊर्जा , नई रोशनी का संचार कर दिखाती है ! जहां हम शिक्षक और शिक्षार्थी की बात करते हैं और शिक्षार्थी में सहिष्णु होने सहित नमनीय होने के गुण की कल्पना करते हैं , वहीं एक शिक्षक से भी कुछ उम्मीदें करना गलत नहीं कहा जा सकता हैं । इस संदर्भ में एक शिक्षक को कुंठित मानसिकता से दूर होना चाहिए । अच्छा आचार - विचार , ज्ञान - उदारता , धैर्य , समझने की क्षमता , व्यवहारिकता , सहयोग की भावना जैसे गुण एक शिक्षक की अंतरात्मा में समाए होने चाहिए । यही शिक्षक मानवीय समाज के ऐसे चितेरों का प्रतिरूप होते हैं , जो शिक्षार्थियों को सीखने और समझने की क्षमता प्रदान करते हैं । जब एक शिक्षार्थी पढ़ता और सीखता है तब वह अधिक जानकर बनता है । शिक्षक ही अपने विद्यार्थी लिए नए अवसरों के दरवाजे खोलते हैं । इस संबंध में एक गुरु - शिष्य का संक्षिप्त ज्ञान समझा जा सकता है । एक बार एक शिष्य ने अपने शिक्षक से पूछा - गुरुजी हमारे जीवन में शिक्षक का होना क्यों जरूरी है ? उस गुरु ने कहा - इसे तुम एक दिन खुद ही समझ जाओगे ! बातचीत के कुछ दिन बाद उसी गुरु ने शिष्य को एक पुस्तक दी और कहा इसे कमरे में रख आओ । शिष्य जिस कमरे में पुस्तक को रखने गया वहां रोशनी नहीं थी । उसके पैरों में कुछ महसूस हुआ और वह बाहर चला आया । उसने गुरु से कहा - वहां सांप है ! अब गुरु ने उसे एक दीपक के साथ वहां जाने को कहा । शिष्य कमरे में पहुंचा तो देखा कि उसके पैर में आने वाली चीज सांप नहीं वरन रस्सी थी । तब गुरु ने उसे बताया - यह संसार भी एक अंधेरे कमरे की तरह ही है । यदि हमारे पास ज्ञान का प्रकाश नहीं होगा तो हम रस्सी को सांप मानकर इसी तरह पथ से भटकते रहेंगे !

विश्लेषण

निर्मल रानी

# इन्हें माननीय कहें या कलंक ?



विश्व के सबसे बड़े 'लोकतंत्र का मंदिर' कही जाने वाली भारतीय संसद को पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपई तक ऐसे अनेकानेक सांसदों ने सुशोभित किया है जिनकी मधुर वाणी व विचारों का केवल पक्ष-विपक्ष ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया कायल थी। देश के भविष्य के लिये नीतियां निर्धारित करने वाले इन्हीं जनप्रतिनिधि सांसदों को 'माननीय ' यूँ ही नहीं कहा जाता । यहां तक कि लोकसभा व राज्य सभा के सभापति व मंत्रीगण भी इन सांसदों को 'माननीय ' कहकर सम्बोधित करते सुनाई देते हैं। परन्तु विगत कुछ वर्षों से जिस स्तर के लोग देश की संसद में निर्वाचित होकर आ रहे हैं और राजनैतिक पार्टियां उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनाकर उनके निर्वाचित होने का रास्ता हमवार कर रही हैं उसे देखकर इन्हें माननीय कहना तो गोया 'माननीय ' शब्द की ही तौहीन प्रतीत होने लगा है । जिन 'माननीयों ' से सदन में शिष्टाचार,मृदुभाषी होने की उम्मीद की जानी चाहिये उन्हीं के मुंह से गली गलोच,धमकी,ओछी बातें सुनी जा रही हैं तथा अपने विपक्षियों को अपमानित करने की कोशिशें,झूठे व अनर्गल आरोप,साम्प्रदायिकता व जातिवाद फैलाना आदि देखा जा रहा है। यह 'कथित माननीय' संसद से लेकर सड़कों तक जहर उगलते देखे जा सकते हैं।

पिछले दोनों एक बार फिर अपने ऐसे ही विवादित व जहरीले बयानों के लिये कुख्यात 'माननीया' कंगना रनौत ने एक बार फिर ऐसा आपत्तिजनक बयान दे डाला कि इसबार तो उनकी अपनी भारतीय जनता पार्टी ने भी उनके बयान से खुद को अलग कर लिया तथा पार्टी ने उन्हें यह चेतावनी भी दे डाली कि नीतिगत मामलों पर बयान देने के लिए वे अधिकृत नहीं हैं। साथ ही पार्टी ने उन्हें सख़्त हिदायत भी दी कि वे भविष्य में इस प्रकार के कोई बयान न दें। कंगना रनौत ने गत दिनों एक समाचारपत्र को दिये गये साक्षात्कार में बांग्लादेश में पिछले दिनों हुई उथल पुथल व वहां हुये सत्ता परिवर्तन को भारत के किसान आंदोलन से जोड़ते हुये यहाँ तक कह दिया था कि - ₹यहाँ पर जो किसान आंदोलन हुए, वहाँ पर लाशें लटकी थीं, वहाँ रेप हो रहे थे... ₹ इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि -₹किसानों की बड़ी लंबी प्लानिंग थी, जैसे बांग्लादेश में हुआ। इस तरह के षड्यंत्र... आपको क्या लगता है किसानों...? चीन, अमेरिका... इस इस तरह की विदेशी शक्तियाँ यहां काम कर रही हैं। ₹ कंगना के इस अति विवादित बयान के बाद न केवल किसानों बल्कि विपक्षी दलों की तरफ से भी जबरदस्त प्रतिक्रियायें आनी शुरू हो गयीं। खासकर कृषि बाहुल्य राज्य हरियाणा में जहाँ पहले ही भाजपा सत्ता विरोधी लहर का जबरदस्त सामना कर रही है,



विधानसभा चुनाव का सामना करने जा रहे उस राज्य में भाजपा कंगना के इस आपत्तिजनक बयान से और भी असहज हो गयी है।

यही कंगना रनौत ही थीं जिन्होंने दिसंबर 2020 में महिंदर कौर नमक एक बुजुर्ग किसान आंदोलनकारी महिला व गुजरात की बलात्कार पीड़िता बिल्क ीस बानो के चित्र एक साथ ट्वीट करते हुए यह व्यंग कसा था कि - हा हा. ये वही दादी हैं, जिन्हें टाइम मैगजीन की 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में शामिल किया गया था....और ये 100 रुपये में उपलब्ध हैं। ₹ उनकी इसी बदकलामी का जवाब सीआईएसएफ की कुलविंदर कौर नाम की महिला कॉन्स्टेबल ने इसी साल जून महीने में मोहाली एयरपोर्ट पर कंगना रनौत के गाल पर थप्पड़ जड़ कर तब दिया था जब वे मंडी से सांसद निर्वाचित होने के बाद दिल्ली जा रही थीं। कंगना के 'आंदोलनकारी 100 रुपये में उपलब्ध' वाले बयान से कुलविंदर कौर इसलिये नाराज थी क्योंकि उसकी मां भी 2020 में किसान आंदोलनकारियों में शामिल थीं।

कंगना रनौत कभी राहुल गाँधी को नशेड़ी बता डालती हैं तो कभी शंकराचार्यों पर सवाल खड़े करने लगती हैं। कभी देश को स्वतंत्रता 1947 में नहीं बल्कि 2014 में मिली बताती हैं तो कभी देश का पहला प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को नहीं बल्कि सुभाष चंद्र बोस को बता देती हैं। कभी अपनी वरिष्ठ अभिनेत्रियों को अपमानित करने वाली भाषा बोलती हैं। गोया उनकी बोल भाषा सुनकर तो लगता ही नहीं कि यह किसी ऐसे व्यक्ति के बोल हैं जो सांसद चुने जाने योग्य भी हो। पिछले कुछ वर्षों में देश के जिन 'माननीयों' द्वारा अपने कड़वे व विवादित बोल के चलते इस पवित्र सदन के सदस्य होने की गरिमा को तार तार किया गया है उनकी लंबी सूची है। मसलन,गत वर्ष पिछली संसद में अमरोहा से बहुजन समाज पार्टी के सांसद कुंवर दानिश अली को 21 सितंबर 23 को लोकसभा में चंद्रयान पर चल रही एक चर्चा के दौरान दिल्ली से भाजपा के तत्कालीन सांसद रमेश बिधूड़ी ने साम्प्रदयिक गालियां दीं और अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। उन्हें गुंडागर्दी भरे लहजे में धमकी भी दी। इस तरह की साम्प्रदायिकता व अपमानजनक पूर्ण टिप्पणी संसद के इतिहास में किसी एक सांसद द्वारा किसी दूसरे सांसद पर करते कभी नहीं सुना गया। शायद भाजपा ने इसीलिये विधूड़ी को इसबार दिल्ली से प्रत्याशी बनाने योग्य ही नहीं समझा। हिमाचल प्रदेश का ही लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले अनुराग ठाकुर देश ही नहीं पूरे विश्व में अपने 'गोली मारो सालों को ' जैसे अतिविवादित उकसाऊ व भड़काऊ नारेबाजी करवाने के लिये कुख्यात हो चुके हैं। पिछली लोकसभा में 'माननीया ' प्रज्ञा ठाकुर बार बार अपने विवादित बयान से पार्टी को सांसत में डालती रहती थीं। 2019 में प्रज्ञा ने सांसद रहते हुये महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त बता दिया था। इसके बाद बीजेपी हाईकमान को डैमेज कंट्रोल करते हुये बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह तथा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी कड़े शब्दों में प्रज्ञा के बयान की निंदा करनी पड़ी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने उस समय सख़्त लहजे में कहा था कि 'प्रज्ञा और बाकी लोग जो गोडसे और बापू के बारे में बयानबाजी कर रहे हैं, वह खराब है। भले ही प्रज्ञा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मैं दिल से उन्हें कभी माफ नहीं कर पाऊंगा'। और आखिरकार 2024 में पार्टी ने विधूड़ी की ही तरह प्रज्ञा को भी चुनाव मैदान में नहीं उतारा। इसी तरह के और भी कई सांसद थे व हैं जो ऐसे घटिया व निम्नस्तरीय बयान देते रहते हैं जो 'लोकतंत्र का मंदिर' कहे जाने वाले सदन के सदस्यों के मुंह से कतई शोभा नहीं देते। बल्कि कहना गलत नहीं होगा कि ऐसे अमर्यादित बयान 'लोकतंत्र के इस पवित्र मंदिर' को कलंकित करते हैं। ऐसे सदस्यों के ऐसे आपत्तिजनक बयानों के बाद तो समझ नहीं आता की इन्हें माननीय कहें या कलंक ?

# छत्तीसगढ़ के चार पत्रकारों की 23 दिनों बाद आंध्र कोर्ट से सशर्त ज़मानत मंज़ूर

## पत्रकारों का आरोप, टीआई कोंटा ने गांजा रखवाया था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 3 सितंबर।** बस्तर के चार पत्रकारों के कथित रुप से गाँजा के साथ आंध्रप्रदेश में पकड़ाए जाने के मामले में कोर्ट ने 23 दिनों बाद ज़मानत दी है। लेकिन यह ज़मानत सशर्त है। बस्तर के इन पत्रकारों की गिरफ़्तारी को लेकर छत्तीसगढ़ के पत्रकारों ने नाराज़गी जताई थी। पत्रकारों के विरोध और ज्ञापन के बाद सुकमा पुलिस ने कोंटा के टीआई को सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने के आरोप में गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले को लेकर यह बताया जाता है कि,दंतेवाड़ा से बापी राय साथी पत्रकारों के साथ कोंटा गए थे। बापी यहाँ अपने मित्र के भाई की जन्मदिन की पार्टी में शामिल हुए। पार्टी के बाद कोंटा से रेत से भरे वाहनों के आंध्र प्रदेश जाते देख पूछताछ की जिसके बाद टी आई कोंटा से उन की तीखी झड़प हुई। झड़प के बाद चारों पत्रकार कोंटा के ही लॉज में रुक गए। सुबह जबकि चारों ही आंध्र प्रदेश स्थित एक गाँव चट्टी से चाय पीकर लौट रहे थे, तो आंध्र प्रदेश पुलिस ने उन्हें रोका और वाहन की तलाशी पर उसमें से 15 किलो गाँजा बरामद हुआ। पत्रकारों का आरोप था कि, विवाद के बाद जबकि रात को पत्रकार सो रहे थे तब उनकी गाड़ी में षड़यंत्र पूर्वक गाँजा रख दिया गया। कथित रुप से टीआई कोंटा रात में उस लॉज में भी पहुँचे थे जहां पत्रकार सो रहे थे। चर्चाएँ हैं कि इसी समय का सीसीटीवी फुटेज कोंटा के ही एक विवादित व्यक्ति की उपस्थिति और उसके प्रभाव में डिलीट करा दिया गया। लेकिन आंध्र प्रदेश पुलिस ने चारों ही पत्रकारों को गाँजा रखने के आरोप में गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया।



### सशर्त है ज़मानत

राजमहेंद्रवरम के विशेष न्यायाधीश ( नारकोटिक्स ) आर शिव कुमार ने इस मामले में चारों ही पत्रकारों को सशर्त ज़मानत दे दी। विचारण के दौरान सरकार की तरफ़ से ज़मानत का विरोध करते हुए कहा गया कि, आरोपी प्रभावशाली हैं और छत्तीसगढ़ राज्य में उनका पता लगाना मुश्किल होगा। शासन की ओर से इस मामले में दो अन्य फ़रार आरोपियों का ज़िक्र करते हुए यह भी कहा गया कि, आरोपी गवाहों को प्रभावित कर सबूतों से छेडछाड कर सकते हैं। जबकि बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि, पूरी कार्यवाही दूषित है, और झूठा मामला थोपा गया है। विचारण के दौरान राज्य सरकार की ओर से यह स्वीकार किया गया कि, इस मामले में जप्त गाँजा मध्यम मात्रा का है और एनडीपीएस की धारा 37 के प्रावधान सक्षमता से प्रभावी नहीं होते हैं। सरकारी पक्ष ने यह भी स्वीकार किया कि, सभी गवाह सरकारी गवाह हैं।कोर्ट ने ज़मानत आवेदन स्वीकार करते हुए आदेश में लिखा है -÷चारों 20 हजार रुपए के निजी मुचलके और समान राशि के दो स्थानीय ज़मानतदारों के साथ ज़मानत दी जाती है।लेकिन यह शर्त है कि, वे सभी चार्जशीट दाखिल होते तक हर मंगलवार को दिन के समय चिंतूर पुलिस स्टेशन में हाज़िर होंगे।

## एक नजर

### सांसद निधि से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति

**जगदलपुर 3 सितंबर।** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत सांसद श्रीमती फूलोदेवी नेताम संसद सदस्य राज्यसभा की अनुशंसा एवं कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम जगदलपुर के द्वारा प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति के आधार पर कलेक्टर बस्तर श्री विजय दयाराम के. द्वारा नगर पालिक निगम जगदलपुर के सदर वार्ड में जगन्नाथ मंदिर के समीप सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त स्वीकृत निर्माण कार्य को योजना के मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों का परिपालन कर आगामी मार्च 2025 तक पूर्ण किये जाने के निर्देश क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम जगदलपुर को दिए गए हैं।

### निर्वाचक नामावली के मुद्रण के लिए 4 अक्टूबर तक निविदा प्रस्ताव आमंत्रित

**जगदलपुर 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से बस्तर जिले में नगरीय निकाय तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी आम चुनाव के लिए वार्डवार और सभी ग्राम पंचायतों के वार्डवार तैयार की गई निर्वाचक नामावली के मुद्रण हेतु 04 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 03 बजे तक पृथक-पृथक मुहरबंद निविदा प्रस्ताव आमंत्रित की गई है। निविदा फार्म जिला निर्वाचन कार्यालय जगदलपुर से कार्यालयीन दिवस एवं समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी गई निविदाएं कार्यालय में 04 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 03 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की 7वीं वर्षगाँठ मनाई गई



**कोंडागांव 3 सितंबर।** इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के छः वर्ष पूर्ण होकर सातवें वर्ष प्रवेश करने पर सोमवार को आईपीपीबी कोंडागांव ब्रांच में उपसंभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा एवं शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता जी के द्वारा केक काटकर स्थापना दिवस मनाई गई एवं बधाई दी गई। इस अवसर पर आईपीपीबी के विभिन्न क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा डाकपाल शंकर लाल दिवान दहिकोंगा, नईम खान चिपावंड, डिकेश मिर्झा भीरागाँव ब, बानोथ रविंदर कुसमा, दिनेश वट्टी बुनागांव, विदोस दीवान गिरोला को सम्मानित किया गया। इस मौके उपसंभागीय निरीक्षक श्री आरएस मिश्रा ने कहा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने कुछ ही वर्षो में देश के कोने कोने में घर पहुच बैंकिंग सेवाएं प्रदान की है जिसके कारण शासन की योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों को हो रहा है, जिनका आईपीपीबी में खाता नही है वे अपना खाता खुलवाकर विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते है। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रीतम कुमार गुप्ता शाखा प्रबंधक, उपसंभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा, सुभाष भूआर्य, उपडाकपाल शेख रूहुल ताज, संदीप राव, अमित चंद्राकर इग्जेक्युटिव, दयाराम ध्रुव, नम्रता बंधैया, अरविंद, राधे मोहन नाग, उमेश नाग, हरेंद्र यादव, गीतेश राव , अनिल पटेल सहित डाकघर के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### बालिका आश्रम में मौसमी बीमारी से 10 बच्चे बीमार,एक बच्ची की हुई मौत



**जगदलपुर 3 सितंबर** । बस्तर जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर बकावंड ब्लॉक के कोलावन बालिका आश्रम में मौसमी बीमारी की चपेट में आने से आश्रम की एक 5वीं कक्षा की छात्रा अंजना कश्यप की मौत हो गई है। इसके अलावा आश्रम में 10 अन्य छात्राएं भी बीमारी हैं। कोलावन बालिका आश्रम में पांचवीं की छात्रा की मौत की खबर के बाद पूरे आश्रम में दहशत व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक छात्रा के अलावे बीमार 10 बच्चे जिसमें मनीषा कश्यप उम्र 6 वर्ष, संतोषी कश्यप उम्र 10 वर्ष, संगीता उम्र 9 वर्ष, फलिता उम्र 8 वर्ष, संध्या बघेल उम्र 7 वर्ष, दीपिका उम्र 8 वर्ष, अनिता कश्यप उम्र 8 वर्ष, ललिता नेताम उम्र 8 वर्ष, हेमबति कश्यप उम्र 10 वर्ष, मनमती नेताम उम्र 8 वर्ष को उपचार के लिए आयुष केंद्र ले जाया गया, जहां बच्चों के उपचार के बाद वापस आश्रम ले गए। लेकिन रविवार को उन बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होने बजाय ज्यादा खराब होने से उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान एक बच्ची अंजना कश्यप ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद आश्रम में अफरा-तफरी मच गई और बीमार बच्चों को बेहतर उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी बकावंड लाया गया। जहां से उन्हें 108 वाहन के माध्यम से ही जिला अस्पताल भेज दिया गया है, जहां बच्चों का उपचार जारी है। आश्रम अधीक्षिका दुलारी ने बताया कि यहां पर पहली से पांचवी तक के करीब 50 बच्चे पढ़ाई करते हैं। एसी ट्राइबल गणेश सोरी ने बताया कि ग्राम कोलावल स्थित बालिका आश्रम में पढने् वाले बच्चों को दो दिन पहले से तेज बुखार व सिर में दर्द होने की शिकायत करने पर आश्रम की अधीक्षिका ने उन बच्चों को गांव के ही आयुष केंद्र में डॉ. दास से उपचार के लिए भेजा गया।

# नक्सलियों के गढ़ सुकमा के तीन छात्रों ने क्रैक किया नीट, एक की मां मजदूरी कर करवा रही पढ़ाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में सुकम घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यहां के तीन छात्रों ने तमाम कठिनाइयों को झेलते हुए नीट की परीक्षा पास की है। अब तीनों छत्तीसगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेंगे। आकाश कुमार पोड़ियामी की मां ने मजदूर कर पढ़ाई है। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के तीन छात्रों ने नीट परीक्षा पास कर सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला पाया है। सुकमा, जो अपने दुर्गम इलाकों के लिए जाना जाता है, शिक्षा के क्षेत्र में कई चुनौतियां पेश करता है। इन छात्रों ने कठिनाइयों का सामना करते हुए, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को पूरा किया है। आकाश कुमार पोड़ियामी को बिलासपुर के छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में सीट मिली है। गुलशन मोड़ियाम जगदलपुर के स्वर्गीय बलिराम कश्यप मेमोरियल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में पढ़ेंगे और सिल्की नेताम का दाखिला दुर्ग के चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में हुआ है।



वहीं, आकाश कुमार पोड़ियामी, जो माओवाद प्रभावित क्षेत्र कोन्ता ब्लॉक के धमन गांव से आते हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी। गरीबी और कम उम्र में पिता के साए से वंचित आकाश का बचपन नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बीता, जहां शिक्षा तक पहुंच सीमित थी। उनकी मां हिड़मे परिवार की रीढ़ बनीं और मजदूरी और वन उत्पाद बेचकर अपने बच्चों को स्कूल भेजा।

इन सबके बावजूद, आकाश की सीखने की ललक कम नहीं हुई। पोर्टा केबिन टोंगपाल से प्राथमिक शिक्षा और पकेला पोर्टा केबिन से माध्यमिक शिक्षा पूरी करने के बाद, उन्होंने रायपुर के प्रयास आवासीय विद्यालय में दाखिला लिया जहां उन्होंने जीव विज्ञान में बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की।

नीट परीक्षा में आकाश का पहला प्रयास असफल रहा। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और सुकमा जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम ह्श्वश्वज्ञ कोचिंग में अपनी तैयारी जारी रखी। दो और प्रयासों के बाद, उन्होंने आखिरकार तीसरे प्रयास में नीट परीक्षा पास कर ली।

इसी तरह, गुलशन मोड़ियाम और सिल्की नेताम ने भी अपनी चुनौतियों का सामना करते हुए मेडिकल कॉलेजों में सीटें हासिल कीं। यह साबित करते हुए कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन से कठिन से कठिन बाधाओं को भी पार किया जा सकता है।

सुकमा के कलेक्टर हरिस एस. ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल सुकमा के छात्रों बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत है। हम अपना समर्थन जारी रखने और ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां हर बच्चे को, उसकी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, सफल होने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल सुकमा के छात्रों बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत है। हम अपना समर्थन जारी रखने और ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां हर बच्चे को, उसकी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, सफल होने का अवसर मिले। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने उम्मीद जताई कि उनकी उपलब्धि जिले के अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगी।

### विद्यार्थियों को जर्जर स्कूल भवन से मिलेगी मुक्ति, विद्यार्थी एवं शिक्षक खुश

**कोरबा 3 सितंबर।** जिले के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास मद से प्राप्त राशि वरदान साबित होने लगी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ से जिले में लगातार स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा व्यवस्था एवं जनहित संबंधित आवश्यक कार्य को कराने पहल की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तथा आसपास मौजूद जर्जर स्कूल भवनों का चिन्हांकन कर नए भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएमएफ से कुल 60 से अधिक नए स्कूल भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, जीर्णोद्धार कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा उन्होंने 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से वहां की आवश्यकताओं को देखते हुए बाउण्ड्री वॉल निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की है। इससे पूर्व बीते माह फरवरी में ही 88 नवीन स्कूल भवन की स्वीकृति प्रदान की थी।

# नक्सलवाद से पीड़ित परिवार गृहमंत्री के निवास के सामने आमरण अनशन करेंगे

■ **महात्मा गाँधी की 150वी वर्षगाँठ पर पूर्व कांग्रेस सरकार भूपेश बघेल ने नक्सल पीड़ित परिवारों को मकान देने का घोषणा विधानसभा में की थी**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के करीबी रहे भाजपा नेता स्वर्गीय बबल साहू को नक्सल हिंसा में शहीद हुए लगभग 20 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। लेकिन उनके परिवार को आज पर्यंत प्रदेश शासन द्वारा बनाई गई पुनर्वास नीति का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रदेश में ऐसे हजारों परिवार है जो प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई नीति का लाभ नहीं ले पाए हैं। जिसे लेकर स्व. बबला साहू के पुत्र धीरेंद्र साहू सहित प्रदेश के हजारो नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य शासन की पुनर्वास नीति का लाभ हेतु उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास के सामने 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के दिन आमरण अनशन करेंगे। नक्सल पीड़ित परिवार संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले संघर्ष कर रहे नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य धीरेंद्र साहू ने कहा है कि प्रदेश मे नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए नक्सल पुनर्वास नीति बनाया गया है। लेकिन समय सीमा मे किसी भी पीड़ित पारिवारो को लाभ नहीं मिला।पीड़ित परिवारों द्वारा नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को पत्र प्रेषित कर पुनर्वास नीति मे संशोधन कर पीड़ित परिवारों से साथ मीटिंग करने का मांग की गई है।नक्सल पीड़ितों की मांग को पुनर्वास नीति मे शामिल करने व 2 अक्टूबर के पहले पीड़ित परिवारो के साथ बैठक नहीं करने की स्तिथि मे पीड़ित परिवार के सदस्य आमरण अनशन मे बैठेंगे।




# तीन सूत्री मांगों को लेकर नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर

**नारायणपुर 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के अंतर्गत कुल 184 नगरीय निकायों (नगर निगम 14,नगर पालिका 48,व नगर पंचायत 122 ) में विगत 15-20 वर्षो से कार्यरत 20.000 प्लेसमेंट /आउटसोर्सिंग / ठेका कर्मचारी (उच्च कुशल / कुशल / अर्द्ध कुशल /अकुशल) का एकमात्र संगठन है। यह समस्त कर्मचारी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समकक्ष कार्यों का निर्वहन करते है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा विगत कई वर्षो से नगरीय निकायों से प्लेस्मेंट / ठेका प्रथा बंद करते हुए निकायों में समायोजन कर एक निश्चित अवधि में नियमित करने की प्रमुख मांगों को लेकर धरना / प्रदर्शन कर अपनी मांगों हेतु लड़ते आ रहे है। कर्मचारियों के तीन दिवसीय हड़ताल में बैठ जाने से निकाय क्षेत्र अंतर्गत निवासरत नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जैसे सफाई, पानी,एवं स्ट्रीट लाइट इत्यादि बाधित है।



महासंघ की तीन सूत्रीय मांग इस प्रकार है,,,1. नगरीय निकायों से सीधे प्लेस्मेंट कर्मचारियों के खाते में वेतन भुगतान किया जाये। 2. नगरीय निकायों में 5-8-10 वर्षो से निरंतर कार्यरत प्लेस्मेंट कर्मचारियों को निकायों में नियमित किया जावे। 3. छ.ग.शासन द्वारा दिनांक 13.03.2024 को गठित बारिक समिति में महासंघ के पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जावे।

## समता की श्रेष्ठ साधना है सामायिक इसमें रमना बहुत जरूरी है

# विषमता में भी समता से जीना सीखें:मुनि सुधाकर

**रायपुर 3 सितंबर।** जीवन को कलापूर्ण और सफल बनाने के लिए विषमता में भी समता से जीना अर्थात सामायिक में रमन करना सीखना जरूरी है। परिवार और समाज में नाना प्रकार के स्वभाव और संस्कार के व्यक्ति होते हैं। उस स्थिति में समता और सामंजस्य का अभ्यास बहुत जरूरी होता है। सामायिक हमें समता में रहने का अभ्यास कराती है। जिसका मन स्वस्थ और सन्तुलित होता है वह प्रतिकूल परिस्थिति को भी अनुकूल बना सकता है। भावावेश के प्रभाव से हमारा मन अशांत और अस्वस्थ होता है। इस स्थिति में निर्णय सही नहीं होता। जो परिवार और समाज के मुखिया होते है उनके लिए समता और शान्ति की साधना जरूरी है। तभी वे नेतृत्व की जिम्मेदारी को सफलता से पूरा कर सकते है। उक्त उदगार रायपुर स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत मनाये जा रहे जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण पर्व पर्युषण महापर्व के तृतीय दिवस सामयिक दिवस पर आज दिनांक - 03/09/2024 को आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी ने कहे। मुनिश्री ने आगे कहा कि भारत का दाम्पत्य जीवन सारे संसार में आदर्श माना जाता है परंतु आज उसमें भी तनाव और टकराव दिखाई दे रहा है। संयम और सहनशीलता के द्वारा ही इसका समाधान हो सकता है।



मुनि नरेश कुमार जी ने सामायिक पर प्रेरणादायक गीतिका का संगान किया। आज सामायिक दिवस को अभातेयुप अपनी विश्व भर में फैली तेयुप शाखाओं के माध्यम से अभिनव सामायिक के रूप में मना रहा है तदर्थ तेयुप,रायपुर द्वारा भी मुनिश्री की सन्निधि में अभिनव सामायिक का आयोजन किया गया। जिसमें पकंज बैद, नवीन दुगड़, योगेश बाफना, संदीप बोथरा, निर्मल गांधी, गौरव दुगड़, वीरेंद्र डागा की सहभागिता रही। मंगलाचरण तेमम व तेयुप द्वारा किया गया।

## समाचार संक्षेप

### जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे ने उल्लास नवभारत साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


**सुकमा,3 सितंबर।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अवसर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को सुकमा जिले में साक्षरता का वातावरण निर्माण करने उल्लास नव भारत साक्षरता रथ तैयार किया गया है। जो जिले के तीनों विकासखंडों में जाएगा, जिसका आज साक्षरता रथ को जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यवसायिक कौशल एवं सतत् शिक्षा पर केन्द्रित यह रथ जिले में घुम-घुम कर जन समुदाय को साक्षरता के लिए जागरूक करेगा। इस अवसर पर सुकमा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर.मंडावी, जिला परियोजना अधिकारी एस.एस.चौहान, नोडल अधिकारी अगस्टिन कुमार राम, बालिका पोटाकेबिन के अधिक्षिका लक्ष्मी यादव ,प्राचार्या अंजना पोया एवं अन्य स्टॉप तथा विद्यालयीन छात्राएं उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर.मंडावी ने बताया कि जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता के सफल संचालन के लिए जिलें के सभी विकासखंडो में जोन स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर उल्लास केन्द्रों का संचालन कराया जाएगा। इस उल्लास केन्द्र में 15 वर्ष से ऊपर के उन असाक्षरों को साक्षर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्री एस. हरिस एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सप्ताह भर चलने वाले साक्षरता अभियान की गतिविधियों की एक श्रृंखला हमारे जिले में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला विकासखंड, नगरीय क्षेत्रों तथा ग्राम पंचायतों के साथ साथ जिले के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं में साक्षरता सप्ताह का आयोजन विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकालकर साक्षरता एवं स्वच्छता का संदेश नारे लगाकर तथा उल्लास शपथ, नारा लेखन, उल्लास गीत पेटिंग चित्रकला के साथ आयोजित होगी।

### ईडी अशोक वर्मा की सेवानिवृत्ति पर फेडरेशन ने किया सम्मान



**रायपुर 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन) अशोक वर्मा अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी ने प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला एवं संगठन प्रतिनिधियों के साथ अशोक वर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया,साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की।उन्होंने बताया कि श्री अशोक वर्मा जी के कार्यकाल में कर्मचारी हित में अनेकों कार्य हुए। कर्मचारियों,पेंशनरों तथा उनके आश्रितों के लिए लागू की गई अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना उनके कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इस अवसर पर संगठन की ओर से महासचिव, प्रांतीय अध्यक्ष के साथ प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास, प्रांतीय कार्यालय सचिव बलजीत कंवर एवं भारी संख्या में डाटा एंट्री ऑपरेटर्स एवं वितरण कंपनी के परिचारक लाइन(संविदा) कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने हमर लक्ष्य के तहत विषय विशेषज्ञों की ली बैठक



**उत्तर बस्तर कांकेर,3 सितंबर।** जिला प्रशासन द्वारा हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत विषय विशेषज्ञों की गठित जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में राज्य में जिले को दूसरा स्थान हासिल करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आगे भी सभी शिक्षक और विद्यार्थी इसी तरह मेहनत करते रहें, निश्चित ही अच्छे परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि अब हमें उन बिन्दुओं पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, जहां विद्यार्थी पिछड़ रहे हैं। बोर्ड परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन नहीं करने वाले विद्यालयों एवं शिक्षकों का चिन्हांकन कर कारण का पता लगाएं और उनमें सुधार हेतु कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कुछ विद्यार्थियों के लगातार अनुपस्थित रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए अनुरोध कार्यक्रम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विषयगत व्याख्याताओं के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने जिले के सभी हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में रिमेडियल कक्षाओं का संचालन करने के भी निर्देश दिए। जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमीत अग्रवाल ने कोर कमेटी के सभी सदस्यों को मिशन मोड में कार्य करने हेतु प्रेरित किया और कार्ययोजना को जिले में तत्काल लागू करने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक पटेल ने हमर लक्ष्य के बिन्दुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सदस्यों को माह सितम्बर से दिसम्बर तक की कार्ययोजना को मूर्त रूप देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही यह भी बताया कि सभी विद्यालय 15 दिसम्बर 2024 तक पाठयक्रम पूर्ण करेंगे, दिसम्बर माह में अर्धवार्षिक परीक्षा एवं जनवरी माह में प्री बोर्ड वार्षिक परीक्षा आयोजित किए जाएगी। उल्लेखनीय है कि बोर्ड कक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन के लिए मासिक, त्रैमासिक टेस्ट, अर्धवार्षिकी एवं प्रीबोर्ड परीक्षा प्रश्न पत्र तैयार कर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया गया है।

# धान फसल की परिपक्वता का प्रतीक है पोरा तिहार:योगेश्वर

## पारंपरिक खेल और मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्सोल्लास से सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुन्द 3 सितंबर।** छग की लोकसंस्कृति के पारंपरिक पर्व पोला तिहार के अवसर पर नयापारा क्षेत्र में आयोजित पोला तिहार उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ,भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर ,जिला मंत्री निरंजना शर्मा ,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू और पोला तिहार कार्यक्रम की अयोजक पार्षद मीना वर्मा एवम मोहल्ला वासियों के द्वारा महिला माता बहनों और छोटे बच्चों के लिए छग के पारंपरिक खेल और मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्सोल्लास से सम्पन्न हुआ। पोला तिहार उत्सव के आयोजन के 9 वे वर्ष में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित महिला माता बहनों को छग के पारंपरिक पर्व पोला और तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आज का दिन महिला माता बहनों के लिए बहुत खास और दोगुनी खुशियों का है। पारिवारिक जिम्मेदारियों और व्यस्तता के बीच महिला बहनों को स्वयं की प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए समय नही मिलता। आज पोला पर्व के अवसर पर नन्दी जोड़ा बैल और जाता पोरा मिट्टी के खिलौने की पूजा करके घर परिवार के साथ त्यौहार मनाकर महिला माता बहनों ने अपनी स्वयं की खुशियों को दुगुना करते अभी कई प्रकार के पारंपरिक खेलो के माध्यम अपनी प्रतिभा को दिखाया है। छत्तीसगढ़ के प्राचीन संस्कृति और अस्मिता को ऐसे ही लोक पर्व संजोकर रखे हुए है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पोरा तिहार में धान की फसल पकने के प्रतीक के रूप में और तीज पर्व में शिव पार्वती की उपासना कर पति की लंबी उम्र की प्रार्थना करने के लिए रखने वाले कठिन निर्जला उपवास की पौराणिक कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए सभी क्षेत्रवासियों को पोरा तिहार की बधाई देते हुए सभी की सुख,शांति,और समृद्धि की कामना किया। जिला महामंत्री प्रदीप ने उपस्थित महिलाओं और जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के व्यस्तम समय में अपनी संस्कृति के लोकपर्व के रूप में विशुद्ध रूप से छत्तीसगढ़ी खेलो का आयोजन सराहनीय है। खेल में कौन हारा कौन जीता ये मायने नहीं रखता बल्कि हमने अपने उत्साह और पहले के दिनों के याद को ताजा करते फिर से वही उत्साह,उमंग और खेलकूद के पल को जिया है ये बहुत महत्वपूर्ण बात है। नयापारा क्षेत्र की महिलाओं सहित सभी नागरिकों और बच्चों का उमंग और उत्साह पोरा तिहार के दिन यह पर आयोजित कार्यक्रम में हम वर्षों से देख रहे है। छत्तीसगढ़िया संस्कृति की पर्व के धरोहर को बनाये रखने के लिए जिला महामंत्री प्रदीप ने कार्यक्रम की 9 सालो की आयोजक पार्षद मीना वर्मा को साधुवाद देते हुए नागरिको को पोरा और तीजा तिहार की शुभकामनाएं दिया। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व पोला तिहार के अवसर पर महिलाओं के लिए आयोजित कुर्सी दौड़ में प्रथम कृष्णा विश्वकर्मा ,द्वितीय भारती ,मटका फोड़ मे कृष्णा ,लोटा दौड़ में प्रथम राधा औसर, द्वितीय मीना चौधरी,तृतीय शालू ध्रुव, सहित जलेबी दौड़,त्वरित प्रश्नोत्तरी ,फुगड़ी और बच्चों के विभिन्न कार्यक्रम कार्यक्रम के विजेताओं को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ,जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर सहित मंचस्थ अतिथियो ने पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। पोरा तिहार उत्साह कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू आभार पार्षद मीना वर्मा ने किया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री निरंजना शर्मा,पार्षद मनीष शर्मा ,हफीज कुरैशी, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा,भाजपा पदाधिकारी सुरेखा कंवर, महेंद्र सिका,शुभ्रा शर्मा,सुनीता साहू, सारिका यादव,भगवती करकसे,हेमकांति देवांगन,दुर्गा सार्वा, कुमारी यादव सहित भगवती साहू, कुमारी पटेल,नूतन ढिढी ,सुनीता निषाद,ईश्वरी,रामबाई, सुनीती पटेल,निर्मला साहू, गौरी कावले,देवकी ,राजकुमारी,नव्या,दीक्षा,उषा,कस्तूरी ,राधा शर्मा,दशोदा, पूर्णिमा, लक्ष्मी, संगीता, हीरा, कुंती, विनय वर्मा,रमेश,भुवन ,अनिता, पॉयल, रानू, शुभम ,कान्हा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं एवम नागरिकगणों की उपस्थिति रही।

**एक नजर**

### नेशनल हाईवे 63 मोदकपाल सड़क का मोड़ बना जानलेवा, आए दिन पलटते हैं वाहन



**बीजापुर 3 सितंबर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 63 बीजापुर से भोपाल पटनम जाने वाले मार्ग मे मोदकपाल गांव के समीप एक अंधेमोड से आये दिन बड़े छोटे वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे है बताया जा रहा है कि सडक निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही और अनदेखी से प्रतिदिन वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे ह सड़क निर्माण के दौरान अंधे मोड को सीधा किया जा सकता था पर निर्माण एजेंसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया जिसके परिणाम स्वरूप इस अंधे मोड पर आये दिन दुर्घटना हो रही है नेशनल हाईवे विभाग को इस पर. ध्यान देने की जरूरत है। यहां बता दे इसी मार्ग से होते हुए सभी वाहनों को तेलंगाना महाराष्ट्र जाना होता है 24 घंटे इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही हो रही है ऐसे में इस खतरनाक अंधे मोड को सीथा किया जाना बेहद जरूरी है जिला प्रशासन भी इस दिशा मे उचित पहल करें ऐसा लोगो का कथन है।

### दानवीर भामाशाह सम्मान-2024 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**बीजापुर 3 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति/संस्था को दानवीर भामाशाह से अलंकृत किया जाता है। चयनित व्यक्ति/संस्था को सम्मान के रूप में 1.00 लाख रूपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। संचालक समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला कलेक्टर को पत्र जारी कर दानशीलता सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्तियों/संस्थाओं की प्रविष्टि दानवीर भामाशाह सम्मान 2024 हेतु 27 सितंबर 2024 से पूर्व अनुशंसा सहित प्रविष्टि संचालनालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

# प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध और 600 से अधिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई लेकिन भाजपा सरकार मौन है:विक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिले के कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 8 माह के भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ में महिलायें असुरक्षित हो गयी है और रोज-रोज प्रदेश में कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटना हो रही है जो बेहद चिंता जनक हैं इससे बड़ा दुर्भाग्यजनक क्या हो सकता है राजधानी में महिलायें सुरक्षित नहीं है। रायपुर नया बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है। दूसरे दिन रिपोर्ट लिखा गया उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। बलात्कार का रिपोर्ट लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में भाजपा की सरकार लगी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के 8 माह के कार्यकाल में महिलायें खुले में बाहर निकलने में भयभीत हो रही है। बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर से लेकर राजधानी रायपुर में भी महिलायें खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है उन्होंने आगे कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यजनक है कि सरकार जिसे इन मामलों को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करवाना चाहिये, वह बलात्कार जैसी घटनाओं को भी छुपाने और अपराधियों को बचाने का काम कर रही है। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक 8 माह में प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध हुये है और 600 से अधिक बलात्कार की घटना हुई है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भिलाई के डीपीएस स्कूल में 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना हो गयी। बिना एफआईआर के एसपी ने घटना को नकार दिया, जबकि पॉक्सो एक्ट में प्रावधान है कि ऐसी कोई घटना होने पर पहले एफआईआर होना चाहिये उसके बाद जांच होनी चाहिये।भिलाई के बच्ची के साथ दुराचार के मामले में दो-दो डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बच्ची के साथ गलत हुआ है। उसके बाद एसपी मामले को नकारते है।

विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार से सवाल करते हुए कहा कि पुलिस ने एफआईआर कब किया ? मेडिकल बोर्ड का गठन कब हुआ ? बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण कब कराया गया ? घटना सरकार के संज्ञान में था। सरकार ने क्या कार्यवाही किया.? पॉक्सो एक्ट में स्नढ्ढक्रबिना किये क्लीनचीट दिये जाने के कारण एसपी पर कार्यवाही क्यों नहीं किया गया?

**समाचार संक्षेप**

### शिवलिंग में तोड़ फोड़ व अवैध कब्जा हटाने ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय का किया घेराव



**राजिम 3 सितंबर।** क्षेत्र के बोरसी गांव के सैकड़ो ग्रामीण और बजरंग दल के लोगों ने अवैध कब्जा और शिवलिंग में तोड़फोड़ के मामले को लेकर सोमवार को दोपहर 1÷00 बजे एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। 1 घंटे तक रुककर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला तथा धक्का मुक्की भी होती रही अपनी मांगों को लेकर सैकड़ो ग्रामीण और महिलाएं सड़क पर बैठी रही। जिससे राजिम फिंगेश्वर महासमुंद मुख्य मार्ग कुछ समय के लिए बाधित हो गया था इस मौके पर एसडीएम, तहसीलदार, डीएसपी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे बाद में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें लिखा गया था कि ग्राम पंचायत बोरसी के द्वारा बसावन डबरा खसरा क्रमांक 835 शासकीय भूमि है जिसे बस्नेश्वर महादेव का स्थान माना जाता है। इस स्थान को मोहल्लेवासी अपने निजी संपत्ति लगाकर सामाजिक व धार्मिक कार्य हेतु आरक्षित किया गया था जिसे हलधर नामक व्यक्ति जो सेजबाहर रायपुर का निवासी है उसके द्वारा ग्रामीणों से लड़ाई कर जबरदस्ती कब्जा कर लिया गया है। इन्होंने निवेदन किया है कि खसरा नंबर 835 से हलधर माहेश्वरी के अवैध कब्जा को अति शीघ्र हटाने की कृपा करें ताकि भगवान श्री बस्नेश्वर महादेव का पून÷ जीर्णोद्धार कर उस जगह पर विराजमान किया जा सकें। इन्होंने चेतावनी दी हैं कि शासन प्रशासन द्वारा अतिशीघ्र जगह को आरक्षित नहीं करने की दिशा में कुछ दिनों बाद पुनः अनुविभागीय कार्यालय का घेराव किया जाएगा तथा उक्त भूमि या भूमि के संबंध में कोई घटना घटित होगी तो उसकी पूरी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### प्रत्येक सोमवार को लगेगा जनदर्शन



**बीजापुर 3 सितम्बर।** नव पदस्थ कलेक्टर श्री संबित मिश्रा जिलेवासियों के समस्या से अवगत होकर निराकरण हेतु जिला कार्यालय बीजापुर में माह के प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11:00 बजे से जनदर्शन कार्यक्रम में आम जनमानस से मिलेंगे और उनके समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित करेंगे। जनदर्शन की सूचना समस्त ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने एवं अधिक से अधिक लोगो तक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिया गया है।

### एसडीएम, तहसीलदार एवं पटवारियों ने शाल, श्रीफल देकर किया सम्मानित



**बीजापुर 3 सितंबर।** जिले के सबसे वरिष्ठ पटवारी श्री माखनलाल रामटेक पटवारी पद से सेवा निवृत्त होने पर विदाई समारोह का कार्यक्रम तहसील कार्यालय भैरमगढ़ में रखा गया जिसमें उनके सेवाकाल के अविस्मरणीय पलों को याद करते हुए सेवा सम्मान दिया गया। जब बीजापुर , बस्तर जिले का भाग हुआ करता था और छत्तीसगढ़ राज्य अविभाजित मध्य प्रदेश का भाग हुआ करता था तब से पटवारी के पद पर रामटेके बीजापुर जिले में पदस्थ थे । इन्होंने अपनी सेवा के दौरान जिले के समस्त तहसील में अपनी सेवा दी है । भैरमगढ़ तहसील में आयोजित विदाई समारोह के कार्यक्रम में श्रीमान एसडीएम विकास सर्वे , तहसीलदार भैरमगढ़ मोहन लाल साहू , जिला अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, तहसील अध्यक्ष प्रफुल्ल सलाम, अनिल भास्कर, बीरा रामनारायण, कवल सिंह जुर्री, विजेंद्र पाल शाह, धैर्य देवांगन , कृष्णा वेणी नायडू, विमला सलाम , गंगा देवांगन एवम समस्त पटवारी साथी और तहसील कार्यालय भैरमगढ़ के समस्त स्टाफ उपस्थित थे , इस दौरान उन्हें श्रीफल, साल और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत में तहसीलदार भैरमगढ़ और स्टाफ भैरमगढ़ के द्वारा उन्हें घर तक पहुंचाकर सम्मान पूर्वक विदाई दिया गया। इस विदाई समारोह में समस्त स्टाफ द्वारा दिए गए सम्मान समारोह से रामटेके काफी भावुक दिखाई दिए और अपने सेवाकाल के खट्टे मीठे पलों को यादकर व अपने अनुभव को साझा कर नए साथियों को मार्गदर्शन दिया तथा सभी स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

### पेंशन निराकरण संबंधी कार्यशाला का आयोजन

**बीजापुर 3 सितम्बर।** संचालक कोष लेखा एवं पेंशन नया रायपुर के निर्देशानुसार दिनांक 2 सितम्बर 2024 को कार्यालय कलेक्टर के इन्द्रावती सभाकक्ष में सुबह 11 बजे जिले के आहरण संवितरण अधिकारी/शाखा प्रभारियों की उपस्थित में पुरानी पेंशन योजना लागु होने के फलस्वरूप मृत्यु/अशक्तता के प्रकरणों के निराकरण हेतु श्वड्ढक्र पुरानी पेंशन योजना लागु होने पर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित प्रकरण, सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान के प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं ऋणात्मक शेष समायोजन, ई बिल तैयार करने , कार्मिक संपदा में सुधार सहित सामान्य निर्देश, ई बिल अन्तर्गत जीएसटी नम्बर करने एवं कटौती करने की प्रक्रिया के संबंध तथा अन्य पेंशन समस्या के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# प्रथम चरण में जिले की 10 ग्राम पंचायतों को धूम्रपानमुक्त घोषित करने की प्रक्रिया प्रारंभ



**बीजापुर 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राज्य में निरंतर तम्बाकू नियंत्रण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी आर पुजारी के निर्देश पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा ब्लूमबर्ग परियोजना छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 29 अगस्त को जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभा कक्ष में किया गया। इस प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के साथ - साथ समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग, आबकारी, परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित हुये। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्री कमलेश कुमार पटेल ने जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के बारे विस्तार से बताते हुए जिले में नशा मुक्ति की दिशा में भारतमाता वाहिनी के सदस्यों द्वारा की जा रही गतिविधियों को बताया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ मनोज लंबाड़ी द्वारा मानव शरीर में तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों सहित तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम अंतर्गत जिले में संचालित गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। संभागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव ने तम्बाकू नियंत्रण के विभिन्न विभागों की भूमिका बारे में बाताया साथ ही तम्बाकू नियंत्रण की नीतियों एवं कानूनों की जानकारी दी गयी। एवं धूम्रपान मुक्त पंचायत की दिशा निर्देशों को विस्तार से बताया। साथ ही तंबाकू नियंत्रण हेतु सभी विभागों के माध्यम से अभियान चला कर जिले को धुम्रपान मुक्त किये जाने की पहल करने की बात कही गई। टोल फ्री नम्बर 104 सहित 1800-11-2356 का आवश्यकता होने पर उपयोग करने की अपील की गई। तंबाकु मुक्त शैक्षणिक संस्थान की भारत सरकार की गाईड लाईन के अनुरुप जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को तंबाकु मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। इस कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी राहुल कौशिक ने एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान की जानकारी दी गई तथा जिले में इस अभियान के माध्यम से बच्चो को नशे से दूर करने के लिए अंतर्विभागीय समन्वय से गतिविधियों के आयोजन की बात कही है।

# किसानों की महापंचायत 11 सितंबर को,चौधरी राकेश टिकैत होंगे शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 3 सितंबर।** भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई बीजापुर के नेतृत्व में मिनी स्टेडियम बीजापुर में किसान महापंचायत का आयोजन 11 सितम्बर को किया जाएगा इस सम्बंध में बीजापुर में जिला अध्यक्ष धन्नूर सम्बैया की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय पंत, प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही के विशेष उपस्थिति में आवश्यक बैठक 2 सितम्बर को रखी गई। बैठक में किसान महापंचायत को व्यापक सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई साथ ही धन्नूर सम्बैया की अध्यक्षता में स्वागत कमेटी का गठन किया गया जो आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था एवं तैयारियां देखेगी साथ ही महासचिव तेजराम विद्रोही के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक जानकारी साझा करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम 11 बजे से शुरू होगी जो 3 बजे तक चलेगी, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सर्किट हाउस में 4 बजे पत्रकारों से मिलेंगे और शाम 5 बजे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।महापंचायत में पारित मांग पत्र की प्रस्ताव के साथ दूसरे दिन 12 सितम्बर को राकेश टिकैत जी के नेतृत्व में प्रदेश पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात करेंगे। बैठक में नारायणपुर जिला अध्यक्ष रुबजी सलाम, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष जयराम कश्यप, पंकज दुब्बा, कृष्णा कुरसम, शंकर चापा, गौरैया मरकाम, मिच्चा पांडु, सिंगराम टिंगे, सुरेश सोढ़ी, गजेंद्र ताती सहित बीजापुर, उसूर, भैरमगढ़, भोपालपट्टनम विकासखंडों से सदस्यगण उपस्थित रहे।



### शहर की सफाई व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: सीएमओ

**महासमुंद 3 सितंबर।** शहर की साफ-सफाई में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त बातें सीएमओ विजय पांडेय ने सोमवार को अपने कक्ष में आयोजित कर्मचारियों की बैठक में कहा। श्री पांडेय ने कहा कि शहर की सफाई कार्य पर वे स्वयं नजर रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही नजर आने पर संबंधित वार्ड के जमादार पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सफाई जमादार अब अपने क्षेत्र के उद्यानों सामुदायिक भवनों में कार्य करने वाले कर्मचारियों की से कार्य लेगें तथा उनके कार्य की निगरानी करेंगे। श्री पाण्डेय ने सोमवार को कार्यालय स्थित अपने कक्ष शहर की साफ-सफाई को लेकर कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने वार्ड जमादारों एवं निरीक्षकों को नियमित कूड़े का उठाव करने एवं दोनों पालियों में शहर की सफाई तत्परता से करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शहर की सभी छोटी-बड़ी नालियों की नियमित सफाई करने के आदेश भी दिए। श्री पांडेय ने उद्यानों, सामुदायिक भवनों में तैनात कर्मचारियों के कार्य व्यवस्था पर नाराजगी जताई। इस संबंध में नगर के समस्त उद्यानों, सामुदायिक भवनों में कार्य करने वाले कर्मचारियों से कार्य लेने की जिम्मेदारी सफाई जमादारो को दी गई है। बैठक में स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, सफाई जमादार जीतू सोनी, लाल चंद सेन्द्रे, हेम सिंग ध्रुव,ममता सेन्द्रे, जितेन्द्र सोनी, वीर कुमार आदि उपस्थित रहें।

# अपर कलेक्टर ने ली मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 3 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 की स्थिति में संपन्न होना है। जिसके तहत 18 अक्टूबर 2024 तक बीएलओ के माध्यम से घर-घर सर्वे कर सत्यापन, मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण, मतदाता सूची में विसंगतियों को दूर करना है जिसमें अच्छी गुणवत्ता वाले फोटो को सुनिश्चित करना है, अनुभाग/भागों का पुनर्गठन और मतदान केन्द्र के अनुभाग/भाग की सीमाओं के स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन करना है। इसी तरह 19 से 28 अक्टूबर 2024 तक प्रारूप 1 से 8 की तैयारी जिसमें जेण्डर रेसियो, ईपिक रेसियों, एच ग्रुप, एड/डिलीट, ईपिक/फोटो, पीएस लोकेशन, सर्विस वोटर, माइग्रेट इलेक्टोर के संदर्भ में पूरक और एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार किया जाएगा। पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत 29 अक्टूबर को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावा-आपत्तियां दाखिल करने की अवधि होगी। इसी प्रकार 9 से 17 नवम्बर तक विशेष शिविर आयोजित की जाएगी। 24 दिसम्बर तक दावा-आपत्तियों का निराकरण, 01 जनवरी 2025 तक स्वास्थ्य मापदण्डों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना, डेटा बेस को अद्यतन करना और पूरकों की छपाई करना है। इसके साथ ही 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जिले के सर्व मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से मतदाता केन्द्रवार बूथ लेवल एजेंट की सूची प्राप्त कर समस्त बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाना है ताकि पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल एजेन्ट से आवश्यक सहयोग लिया जा सके। उन्होंने आग्रह किया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति कर उसकी प्रति उपलब्ध कराया जाए, ताकि संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी को भेजा जा सके। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने राजनीतिक दलों को कम वोटिंग प्रतिशत वाले स्थानों की जानकारी देते हुए ऐसे स्थानों से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम विलोपन एवं 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नये मतदाताओं के नाम जुड़वाने में बूथ लेवल एजेंट के सहयोग प्रदान करने की बात कही।

बैठक में श्री मनीष पाण्डेय, श्री सैय्यद सहबाज रिजवी, श्री सरजू अजगल्ले, श्री आशीष शर्मा, श्री प्रिंकल दास, श्री राजेश पाण्डेय, श्री गोपाल बापोडिया सहित निर्वाचन शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

दिनांक 25.08.2024 की स्थिति में रायगढ़ जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 9 लाख 2 हजार 739 मतदाता शामिल है। जिसमें 4 लाख 47 हजार 96 पुरूष, 4 लाख 55 हजार 616 महिला एवं 27 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा 15-लैलूंगा में पुरूष-1,02,763, महिला-1,04,332 कुल-2,07,095, विधानसभा 16-रायगढ़ में पुरूष-1,31,393, महिला-1,32,077, तृतीय ड्ढलिंग-20, कुल-2,63,490, विधानसभा 18-खरसिया में पुरूष-1,08,281, महिला-1,09,098, तृतीय ड्ढलिंग-4, कुल-2,17,383 तथा विधानसभा 19-धरमजयगढ़ में पुरूष-1,04,659, महिला-1,10,109, तृतीय ड्ढलिंग-3, कुल-2,14,771 मतदाता शामिल है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 अंतर्गत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही किया जाना है। वर्तमान में जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र में 1085 मतदान केन्द्र स्थापित है। प्री एण्ड रिवीजन एक्टीविटिज अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम दूरी 2 कि.मी.एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि मापदंडों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने के लिए युक्तियुक्तकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## एक नजर

### हेल्पलाइन नंबर चस्पा किए जाने का अनुरोध

**रायपुर, 3 सितम्बर।** 3 सितम्बर को रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधिमण्डल के द्वारा पुलिस अधीक्षक रेल पुलिस रायपुर से भेंट कर रेलवे स्टेशन रायपुर में यात्री एवं स्टेशन में सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्लेटफार्म एवं प्रवेश द्वार पर हेल्प लाइन नंबर चस्पा किये जाने के संबंध में पत्र सौंपकर पुलिस थाने एवं जवाबदार अधिकारियों के भी नंबर चस्पा किये जाने की मांग की गई है। पुलिस अधीक्षक से भेंट करने में प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष ऋषि उइके सहित कार्यकारी अध्यक्ष आंनद दुबे उपाध्यक्ष संतोष सिन्हा व सदस्य उपस्थित थे।

### एक्सेल टेली दे रहा सुनिश्चित रोजगार

**रायपुर, 3 सितम्बर।** सीएटी छत्तीसगढ़ का यह सम्भवतः एक ऐसा कोर्स है, जिसमें छात्र को 5 सर्टिफ़िक्रेट दिया जाया है, एक्सेल टेली, रायपुर के संचालक चावला ने बताया। इस कोर्स की अवधि मात्र 6 माह है, जिसमें छात्र टेली प्रोफाइल सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, बेसिक कम्प्यूटर, रियल टाइम ऑडिट और इंग्लिश क्लास एक साथ सीख सीखकर रोज़गार प्राप्त कर सकता है। इनमें से टेली का सर्टिफिक्रेट बंगलुरु से प्राप्त होगा, दूसरा सर्टिफ़िक्रेट गवर्नमेंट से और बाकी सर्टिफिक्रेट एक्सेल टेली से प्राप्त होगा।

### 90 पौव्वा शराब के साथ पकड़ाया कोचिया

**रायपुर, 3 सितम्बर।** मंदिर हसौद थाना अमला ने पोला पर्व के दिन सोमवार को रावण भाठा, मंदिर हसौद निवासी 19 वर्षीय सूरज सोनी को 90 पौव्वा शराब के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देश पर चलाये जा रहे निजात अभियान के तहत थाना प्रभारी सचिन सिंह के निर्देश पर गश्ती में निकले प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र वर्मा व आरक्षक द्वय दिनेश झा तथा जफर खान की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंदिर हसौद से नकटी रोड पर नहर पुलिया के पास आरोपी को धर दबोचा। आबकारी अधिनियम की धारा 34( 2 ) के गैरजमानतीय अपराध के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम वर्ग धारिणी राणा के अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### शासकीय अस्पताल से बाइक पार

**रायपुर, 3 सितम्बर।** मेकाहारा परिसर स्थित चीर घर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी यशवंत सिन्हा 30 वर्ष भरत नगर गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने मौहदापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडब्ल्यू 6238 को मेकाहारा परिसर स्थित चीरघर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### सूने मकान से हजारों के जेवर पार

**रायपुर, 3 सितम्बर।** बालाजीपुम स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शशि प्रसाद 35 वर्ष 35 वर्ष बालाजीपुम आरंग का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### अज्ञात बदमाश स्कूटी व मोबाइल लेकर फरार

**रायपुर, 3 सितम्बर।** टीचर कालोनी स्थित विवेकानंद विद्यापीठ के पास अज्ञात तीन युवकों ने एक युवक की स्कूटी व मोबाइल लूटकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीरज शर्मा 37 वर्ष विवेकानंद विद्यापीठ के पास टीचर कालोनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि बीती रात वह अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमएच 5134 से कहीं जा रहा था, तभी लघुशंका करने के दौरान अज्ञात तीन युवक आए और प्रार्थी के स्कूटी व मोबाइल लेकर भाग निकले। लूटे गए जुमला कीमती करीब 31 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 3 सितम्बर।** खरोरा पुलिस ने वार्ड 16 केसला के पास अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 237 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने को सूचना मिली कि वार्ड 16 केसला में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी लोकनाथ देवांगन 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 237 पाव देशी शराब जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 26070 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# देर रात खुले रहने वाले होटलों पर पुलिस सख्त

## रात में हो रही होटलों और रेस्टारेंट्स की जांच

**रायपुर, 3 सितंबर।** राजधानी में एसएसपी के निर्देश पर होटलों और रेस्टोरेंट्स की चेकिंग की जा रही है। देर रात खुले रहने वाले रेस्टारेंट और होटलों पर सख्ती बरती जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के विधानसभा थाना इलाके की पुलिस ने क्षेत्र की होटलों की जांच की। पुलिस को इस क्षेत्र की होटलों में देर रात तक खुले होने और अवैध और चोरी-छिपे तरीके से ग्राहकों को शराब पिलाने की सूचना मिल रही थी। इस पर ऐक्शन लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई की। प्रतिष्ठानों के मैनेजर और कर्मचारियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की

बता दें कि राजधानी में बढ़ते क्राइम के बीच बीती देर रात अचानक एसएसपी गश्त पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने शहर के कई प्रमुख थानों का निरीक्षण किया था। एसएसपी ने थाना माना, गंज, क्राइम ऑफिस और सिविल लाइन थानों का दौरा कर नाइट पेट्रोलिंग, पंडरी बस स्टैंड और अन्य चेक पॉइंट्स का जायजा लिया था।

विशेष टीम ने समय से अधिक देर तक खुले रहने वाले बार और रेस्टोरेंट्स को चेक किया और कई होटल और रेस्टोरेंट्स, जिनमें फ्लोरेंस, शीतल जूक, देशी ठाट, एफ्टीबी, और स्काई लाउंज शामिल हैं। इस सभी के मैनेजर और अन्य को अवैधानिक गतिविधियों में पाए जाने पर थाने लाकर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट और अन्य प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के दौरान सीएसपी सिविल लाइन अनुराग झा और सीएसपी आजाद चौक अमन झा पुलिस बल के साथ देर रात तक चेकिंग करवाते रहे थे।

# यात्री बस और ट्रेनों में उमड़ी तिजहारिनों की भीड़

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 3 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहार तीजा में विवाहित महिलाएं मायके आती हैं। इस समय भाठागांव बस स्टैण्ड और रायपुर रेलवे स्टेशन में महिलाओं की भारी भीड़ है। रायपुर से विभिन्न स्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाली यात्री बसें भी ठसाठस चल रही है। सरकार ने तीजा के अवसर पर 6 सितम्बर को अवकाश घोषित कर दिया है। इस समय त्योहारी सीजन को देखते हुए मालवीय रोड में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। महानदी मंत्रालय के अधिकारियां के अनुसार इस समय तीजा-पोला का स्थानीय अवकाश होने के कारण कई महिलाएं अवकाश पर हैं जिसके कारण यहां छुट्टी का माहौल है। राजधानी के मालवीय रोड, आमापारा, अमीनपारा सहित अन्य बाजारों में तीजा के लिए जमकर खरीदारी हो रही है। शिव-पार्वती की प्रतिमा, फुलेरा, टोकरी तथा व्रत कथाओं की बिक्री हो रही है। तीजा के अवसर पर महिलाओं को कपड़ा तथा ब ों के लिए नई ड्रेस देने की परंपरा है इसलिए यहां पर तीजा की जमकर खरीदारी हो रही है। राज्य शासन द्वारा 6 सितम्बर को अवकाश घोषित कर दिया गया है। इसके कारण महिलाएं अब 6 व 7 को अवकाश पर रहेंगी।

### नुआखाई की धूम

राजधानी में बड़ी संख्या में उत्कल समाज के लोग रहते हैं। नुआखाई के अवसर पर पूजन सामग्री खरीदने वालों की भीड़ बाजार में लगी हुई है। राजधानी में तीस से अधिक उत्कल बस्ती है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। राजधानी में उड़िया समाज के महत्वाकांक्षी राजनेता अनेक स्थानों पर होर्डिंग लगाकर बधाई दे रहे हैं। नुआखाई के अवसर पर कई होटल, रेस्टारेंट बंद रहेंगे। ओडिशा जाने वाली यात्री ट्रेनों में भी काफी भीड़ है। वाल्टेयर एक्सप्रेस के अलावा पुरी-अहमदाबाद, पुरी-बीकानेर सहित अनेक ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इसके कारण उत्कलभाषी अपने गांव जा रहे हैं।

# भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर भारी उत्साह

## मंत्रियों से लेकर मण्डल स्तर के कार्यकर्ता सक्रिय

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 सितम्बर।** भाजपा के सदस्यता अभियान की आज से शुरुआत हो गई है। सभी कैबिनेट मंत्री अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र और प्रभारी जिलों की ओर चले गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने भी कमान संभाल ली है। भारतीय जनता पार्टी इस समय केंद्र तथा राज्य में सत्तारूढ़ है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोग इसके सदस्य बन रहे हैं। जिला अध्यक्ष जयंती पटेल के अनुसार प्रदेश, जिला तथा ब्लाक लेवल पर पांच-पांच सदस्य निगरानी समिति बनाई गई है। इसके मुखिया अनुराग सिंहदेव हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के सदस्यों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है। यह पार्टी विश्व की सबसे बड़ी प्रजातांत्रिक पार्टी है। प्रदेश के जल संसाधन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप बस्तर दौरे पर रहेंगे। उनके निज सचिव के अनुसार वे सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। कृषि मंत्री रामविचार नेताम, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवड़े अपने जिला सूरजपुर पहुंच चुकीं हैं। राज्य में बिलासपुर जिले को भी महत्व दिया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू एवं अरुण साव सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। संगठन सूत्रों के अनुसार प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन इस कार्यक्रम की जानकारी दे रहे हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 70 वार्डों में यह अभियान शुरू हो गया है। रायपुर जिले के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभाओं के मण्डल प्रभारियों, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधायक से लेकर पार्षद भी सदस्य बनाने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

### मोदी के नेतृत्व पर रमन सिंह ने जताया भरोसा, पुनः ली भाजपा की सदस्यता



विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने आज भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान 2024 से जुड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है. इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया. डॉ रमन सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा भारतीय के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान 2024 से जुड़कर आज पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर अभिभूत हूँ. आप सब भी 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके या नमो ऐप के माध्यम से भाजपा के सदस्य बनें और राष्ट्र निर्माण की यात्रा में सहभागी बनें.

# पारणा उत्सव में राज्यपाल आमंत्रित

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 सितम्बर।** राज्यपाल से आज विभिन्न समाज के लोगों ने मुलाकात कर उन्हें सामाजिक कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया है। जैन समाज के सिद्धि शिखर, विजय उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने जैन श्वेतांबर चातुर्मास समिति द्वारा 9 व 10 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया है। समाज के राजेश मूणत, पुखराज जैन एवं अन्य लोगों ने राज्यपाल से मुलाकात कर बताया कि यह 140 दिन का पारणा है। खंडेलवाल के अनुसार समाज के 140 लोगों ने उपवास किया है। इस अवसर पर विवेकानंद नगर श्वेतांबर चातुर्मास समिति द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया है। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम में आने के लिए समय देने का वायदा किया है। राज्यपाल से सीवी रमण यूनिवर्सिटी के संतोष चौबे ने भी मुलाकात की है। सीवी रमण यूनिवर्सिटी में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है। इस विश्वविद्यालय में अनेक पाठ्यक्रमों में हजारों छात्र पढ़ते हैं। राजभवन में इस समय



राज्यपाल रमेन डेका से मिलने वालों के अनेक आवेदन आए हैं। इसमें से कई आवेदन शिकायत को लेकर रहते हैं। राजभवन के अनुसार यदि इस संबंध में कोई भी शिकायत मिलती है तो इसे विभाग में उचित कार्रवाई करने के लिए प्रेषित कर दिया जाता है।

### 5 को शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम

राजभवन के अनुसार राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार समारोह के आयोजन के लिए अनुमति दी गई है। इस अवसर पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वर्ष 2023-24 के लिए 53 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। चार स्मृति पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी। वर्ष 2024-25 के लिए उत्कृष्ट शिक्षकों के नामों की भी घोषणा की जाएगी।

# राजधानी में अवैध ठेलों और दुकानों पर चला बुलडोजर

**रायपुर, 3 सितम्बर।** राजधानी के खम्हारडीह में आज सुबह अवैध तरीके से संचालित ठेले और दुकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की गई है. यह अवैध दुकानें खम्हारडीह थाने को शिफ्ट करने के लिए प्रस्तावित जमीन पर लगाई गई थीं, जिन्हें भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में थाना शिफ्टिंग की तैयारी के तहत हटाया गया है. इस दौरान रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और दुकानदारों को आश्वस्त किया कि प्रभावित दुकानदारों को अलग से व्यवस्थापन दिया जाएगा. वहीं कई दुकानदारों ने अचानक की गई इस बुल्डोजर कार्रवाई पर आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा कि हम यहां कई दिनों से अपने व्यवसाय चला रहे थे और हमारे लिए यह दुकानें दो वक्त की



रोजी-रोटी का साधन थीं. वहीं तहसीलदार पवन कोसपा ने बताया कि 10 से 12 अवैध दुकानें हैं जिन्हें हटाया जा रहा है. दुकानदारों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके थे, लेकिन उनकी दुकानों को नहीं हटाया गया था. उन्होंने आगे कहा कि रायपुर में शहर में जहा भी अवैध कब्जे या अवैध दुकानों का संचालन होगा वहां इस प्रकार से कार्यवाही की जाएगी.

### दो बाइक में जोरदार भिड़ंत, एक युवक की मौत

**रायपुर, 3 सितम्बर।** भानुप्रतापपुर से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां दो बाइक की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई है, जिसमे एक युवक की मौत हो गई है, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार दुर्गकोंदल क्षेत्र में दो बाईक सवार आपस में टकरा गए, जिससे बाईक सवार की मौत गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

बताया जा रहा है ग्राम चाऊंरगांव निवासी जेठू पुंगाटी 36वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि दूसरा बाईक सवार ग्राम भुरके निवासी राजाराम कोवाची गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जेठू पुंगाटी कराकी से घर वापस जा रहा था, वहीं राजाराम कोड़ेकुर्से से भुरके जा रहा था।

### असामाजिक तत्वों ने गोठान की चारदीवारी तोड़ मवेशियों को भगाया

**रायपुर, 3 सितम्बर।** लावारिस मवेशियों से धान की फसल को बचाने किसानों को काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। अपने गांव की मवेशियों को तो किसान ग्रामीण व्यवस्था के तहत अंकुश में रख रहे हैं लेकिन बाहर से पहुंच रहे लावारिस मवेशियों ने किसानों को हलाकान कर रखा है। ग्राम टेकारी में ग्रामीणों ने ग्रामीण व्यवस्था के तहत पंचायत का सहयोग कर गोठान में त्रिस्तरीय चारदीवारी बना ऐसे मवेशियों को रख रहे हैं पर बीते 30-31 अक्टूबर के दरम्यानी रात में कतिपय असामाजिक तत्वों ने इस चारदीवारी को तोड़ मवेशियों को खदेड़ दिया जिनके द्वारा खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंदिर हसौद थाना प्रभारी सचिन सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंप ऐसे अज्ञात तत्वों की पतासाजी कर कार्यवाही का आग्रह किया है। सिंह ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ ठोस व प्रभावी कार्यवाही का आश्वासन दिया है। शनिवार की सुबह लावारिस मवेशियों को खेतों में देख ग्रामीणों का माथा ठनका। गोठान में जा जब निरीक्षण किया तो सीमेंट व लोहे के खंभे पर तार जाली लगा बनाये गये त्रिस्तरीय चारदीवारी को जगह-जगह टूटा पाया। इसे देख फसल बचाने जद्दोजहद कर रहे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। जानकारी मिलने पर ग्राम प्रमुखों ने गोठान पहुंच निरीक्षण किया। ग्राम व गोठान में लगातार हो रहे चोरियों व असामाजिक गतिविधियों को देखते हुये थाना प्रभारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करने का निर्णय ले सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंप अज्ञात तत्वों के खिलाफ पतासाजी कर कार्यवाही करने व असामाजिक तत्वों से ग्राम को निजात दिलाने का आग्रह किया।

### बहन को तीजा लेने आ रहे भाई और उसके दोस्त की सड़क हादसे में मौत

**रायपुर, 3 सितम्बर।** सड़क दुर्घटना में दो लोगो की दर्दनाक मौत की खबर सामने निकल कर आ रही है मिली जानकारी के अनुसार दोनों मोटरसाकिल सवार तीजा लेने अपनी बहन के घर कोड़ो हरदी जा रहे थे इसी दौरान कोड़ो हरदी तिराहा मोड़ के पास किसी अज्ञात गाड़ी ने इनके बाइक को इतनी बुरी तरीके से ठोकर मार दिया जिससे मौके पर ही दोनों युवकों की मौत हो गाई युवकों की उम्र तकरीबन 20 से 22 वर्ष की बीच बताया जा रहा है मृत युवक का नाम गजेंद्र धुर्व दयालु धुर्व जो की ग्राम नगरी निवासी है फ़िल्हाल दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार प्रथम दृष्टिया से ऐसा प्रतीत हो रहा है किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से इन बाइक सवार युवकों की मौत हुई है फ़िलहाल जाच जारी है दोनों मृतकों के शव को जिला अपस्ताल लाया गया है और उनके परिजनों को सूचित किया जा रहा है।

# बच्चों को मिट्टी के बैल और खिलौने बांटकर जिन्दगी ने मनाया पोला पर्व

**रायपुर, 3 सितम्बर।** टीम ज़िन्दगी ना मिलेगी दोबारा ने बच्चों के लिए नेह मुस्कान योजना की तहत हर साल की तरह इस बार भी छतीसगढ़ के पारम्परिक पोला त्योंहार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया।इस अवसर पर संस्था की संस्थापक अध्यक्ष सुषमा तिवारी सहित उनकी टीम के सदस्यों ने सुंदर नगर वार्ड के अमरपुरी बस्ती में जाकर छोटे छोटे बच्चों को मिटटी के बैल, खिलौने, चुकिया पोरा बांटकर तथा परम्परागत पकवान खिला कर यह त्यौहार अत्यंत रोचक ढंग से मनाया व ख़ुशी का इजहार किया। खिलौने पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुवे बच्चों को खेल खेल में इस पर्व का महत्व भी बताया। ज्ञात हो



की यह संस्था नेह मुस्कान योजना के तहत साल भर शहर के किसी न किसी स्लम एरिया के बस्ती में जाकर छोटे छोटे बच्चों को खिलौने बांटने का काम अपने स्वयं की व्यवस्था से करती है। इस कार्यक्रम में संस्था के सेवाभावी प्रदेश महासचिव मती ममता शर्मा व सीमा अग्रवाल, , सीमा विजय शर्मा स्वाति सोनी, .. विनीता शर्मा कौशिल्या कश्यप हेमलता तिवारी रश्मी प्रदीप शर्मा सीमा शर्मा बल्कि.सोनालिका इंदू साहू प्रतिभा गुप्ता.आदि उपस्थित रहे।

# रायपुर में व्यवसायी पर हमला, पुरानी बस्ती थाने में हुआ हंगामा

**रायपुर, 3 सितंबर।** राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती क्षेत्र में वर्षों से चल रहे गांजे के अवैध कारोबार के खिलाफअब लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है. इलाके में लगातार बढ़ रही लूटपाट और मारपीट की घटनाओं से परेशान सैकड़ों स्थानीय निवासियों ने देर रात पुरानी बस्ती थाने का घेराव कर दिया. इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि पुलिस इन अवैध गतिविधियों को संरक्षण दे रही है. मोहल्ले के निवासियों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं, जिससे आए दिन यहां की शांति भंग हो रही है. हाल ही में एक युवा व्यवसायी के साथ मारपीट और लूटपाट की घटना ने इस गुस्से को और भड़का दिया. हमलावरों ने न सिर्फव्यवसायी की गाड़ी में तोड़फोड़ की,बल्कि उसकी हाथ की हड्डी भी तोड़ दी. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके.

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

पुरानी बस्ती पुलिस ने बंधवा तालाब के पास दबिश देकर गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बंधवा तालाब स्थित शिव मंदिर के पीछे दबिश देकर आरोपी भक्तराज घोष 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 42 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना मेन रोड में दबिश देकर राजेन्द्र प्रसाद तिवारी 45 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी राजेश साहू 38 वर्ष व संजय साव 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने टिकेश्वर वर्मा 25 वर्ष एवं आरंग पुलिस ने आरोपी विवेक छतर 33 वर्ष, मुकेश कुमार बघेल 20 वर्ष व संतोष यादव 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी रामाधर निषाद 40 वर्ष व नंदकुमार निषाद 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने टिकेश्वर प्रसाद लहरे 35 वर्ष, अभिषेक शर्मा 25 वर्ष व प्रवीण लहरे 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह धरसींवा थाना पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र रात्रे 25 वर्ष व लोकेश साहू 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# असामाजिक तत्व पुलिस के हत्थे चढ़ा

**रायपुर, 3 सितम्बर।** ग्रामीण व्यवस्था को चुनौती देते हुये ग्राम में असामाजिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों में से एक और ग्राम टेकारी निवासी मिथिलेश उर्फ छड्डु पिता रामकुमार वर्मा बीते कल पोला के दिन मंदिरहसौद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। चोरी और चाकू के साथ पकड़ में आने के पुराने रिकार्डधारी इस आरोपी को इस बार पुलिस ने 84 पौव्वा अवैध शराब के साथ पकड़ा है। गिरफ्तारी बाद उसे न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम वर्ग धारिणी राणा के न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इसके पूर्व दो दिन पहले ही इसी ग्राम के एक और पुलिसिया रिकार्डधारी अंकलेश्वर वर्मा को थाना अमला ने 90 पौव्वा शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा था जो भी अदालती आदेश पर जेल में है। ज्ञातव्य हो कि ग्राम में असामाजिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों को ग्रामवासी ग्रामीण व्यवस्था के तहत बार - बार समझाईश दे रहे थे पर वे हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे। कुछ दिन पहले कतिपय असामाजिक तत्वों ने एक व्यक्ति के बकरे को जबरिया ले जा एक निर्माणाधीन शासकीय भवन में काट डाला था। इस दिन ग्राम प्रमुखों के बाहर रहने व वापस लौटने के पहले ही दोनों पक्षो के बीच आपसी समझौता हो जाने के कारण ग्रामीणों की इच्छा के बाद भी रिपोर्ट नहीं हो पाया पर आक्रोशित ग्रामीणों ने लिप्त तत्वों की अच्छी खासी धुनाई कर दी थी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26

### वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के तीज महोत्सव में नृत्य और तीज सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन

# भाटापारा की अभिलाषा व गुंडरदेही की पायल बनी तीज सुंदरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 3 सितम्बर।** प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने बताया कि वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. द्वारा विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी प्रदेश की विप्र महिलाओं व युवतियों को पूर्णतः पारिवारिक, सामाजिक माहौल में मंच प्रदान करने हेतु तीज महोत्सव में नृत्य और तीज सुंदरी प्रतियोगिता रविवार, 1 सितम्बर, 2024 को शाम 4.00 बजे से वृन्दावन हाल, सिविल लाईन, रायपुर आयोजित किया गया. इसमें सम्पूर्ण समाज की 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं ने क्लासिकल फोक नृत्य में समूह, युगल व एकल प्रस्तुतियां दी. कार्यक्रम के अतिथि मीनल चौबे - नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम, दीप्ति दुबे- पूर्व प्रथम महिला व समाजसेवी एवं प्रतियोगिता के निर्णायक अनुराधा दुबे - नृत्यांगना व अभिनेत्री, आकांक्षा दुबे - उदघोषिका, वंशिका ठाकुर - नृत्यांगना थी.

प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा एकल नृत्य में देबोलिना दास प्रथम एवं अभिलाषा शर्मा द्वितीय, युगल नृत्य में पंजाबी फोक सीमा व रावी प्रथम एवं सुरभी व लारी द्वितीय, समूह नृत्य में महाराष्ट्र मंडल की अनिता का ग्रुप प्रथम एवं अपर्णा का ग्रुप द्वितीय रहा. तीज सुन्दरी प्रतियोगिता में गुंडरदेही की सभापति पायल शर्मा विजेता एवं भाटापारा की अभिलाषा झा विजेता रही.

प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता को स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत व सम्मानित किया गया एवं भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को सम्मान पत्र प्रदान किया गया. संगठन की ओर से वीणा मिश्रा, कल्पना मिश्रा द्वारा उपस्थित दर्शकों को सुहाग की सामग्री वितरित की गयी.

कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, महासचिव अजय अवस्थी, सुनील ओझा, संभागीय अध्यक्ष नितिन झा, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, सांस्कृतिक सचिव प्रीति मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक विद्या भट्ट, अनुजा त्रिपाठी, वीणा ठाकुर, बबीता मिश्रा, मिथिलेश रिछारिया, सुमन पाण्डेय, अनिता राव, स्वाती मिश्रा, अर्चना तिवारी, सुनीता शर्मा, राधा तिवारी, सलाहकार त्रिभुवन तिवारी, सतीश शर्मा, राघवेंद्र पाठक, रामवृत तिवारी, अभिषेक त्रिपाठी, गिरजाशंकर दीक्षित, दशरथ शुक्ला, राजेन्द्र कुमार दुबे आदि पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विप्र महिला - पुरूष प्रमुख रूप से उपस्थित रहें. इस कार्यक्रम का मंच संचालन नमिता शर्मा व आभार प्रदर्शन अरविन्द ओझा ने किया।

## समाचार संक्षेप

### धर्म गुरु बालदास साहेब के नेतृत्व में हुई बैठक में समाज की एकता पर जोर



**भखारा, 3 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सतनामी समाज के राष्ट्रीय प्रमुख धर्मगुरू, राजा गुरु, गुरु बालदास साहेब के सानिध्य मार्गदर्शन में एक सितंबर को प्रदेश स्तरीय प्रथम बैठक न्यू सर्किट हाउस रायपुर में रखा गया था जिसमें प्रदेश के सभी जिला प्रमुख, राजमंहत, ब्लाक प्रमुख, डाक्टर, वकील, समाज सेवी, इंजीनियर, पटवारी, शिक्षक, व्यवसायी उपस्थित हुए थे।सभी वरिष्ठजनों ने सामाजिक एकीकरण पर अपने अपने विचार रखे।सभी ने एक स्वर में समाज हित में अपने समिति, संगठन के पद छोड़ कर राजा गुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में समाज विकास में सहयोगी बनने सहमति दी। विधायक, गुरु खुशवंत साहेब व जीवतारणहार सोमेश साहेब ने समाज को संगठित व सशक्त बनाने की बात कही। राजा गुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के द्वारा सभी प्रकार के सामाजिक समस्याओं, राजनीतिक, शिक्षा, व्यवसाय, नारी निकेतन, युवा, अस्पताल, स्कूल, रोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को मूर्तरूप देने की प्लानिंग के संबंध में चर्चा किया।साथ ही कोर कमेटी का गठन आगामी 17 सितंबर के बैठक में किया जाना तय हुआ। समाज की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने समन्वय समिति का गठन किया गया।समन्वय समिति में डॉ. लक्ष्मण भारती, डॉ.बसंत अंचल, डॉ.सुरेन्द्र कुर्रे, उमा प्रसाद जोशी, कपिल देशलहरे, विजय डहरिया, रमेश लहरे, दिनेश लहरे, दिनेश देशलहरे, खुमान देशलहरा, कमल कुर्रे, अनुप कुर्रे, राजेन्द्र दिवाकर, एम पी कुर्रे, संतन सतनामी, सुखदेव, जैतराम, कुंजन, जीतेंद्र पाटले, कमल लहरे, मंशाराम कुर्रे, प्यारेलाल आदिले, साहूकार, युवराज, विजय सोनवानी, भुवन दास, यशवंत टंडन, बलराम चेलक, सुंदर जोगी, संजय सतनामी, भारत लाल बंजारे, कमल लहरे को शामिल किया गया है। इस अवसर पर सतनामी समाज के राष्ट्रीय प्रमुख, राजा गुरु, धर्मगुरु बालदास साहेब, जीवतारणहारी सतखोजी गुरु सोमेश साहेब, विधायक व युवा सम्राट गुरु खुशवंत साहेब अतिश सोनवानी, डॉ.लक्ष्मण भारती, बसंत अंचल, डॉ.सुरेन्द्र कुर्रे, कपिल देशलहरे, रमेश लहरे, पी एल कोसरिया, चंद्र प्रकाश पाटले, लीलाराम कुर्रे, विजय, यूपी जोशी, लक्ष्मण भारती भारी सहित संख्या में वरिष्ठ सामाजिक चिंतक उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रमुख धमतरी राजेश रात्रे ने दी है।

### यादव समाज के सदस्यों ने सरपंच से की सामाजिक भवन की मरम्मत की मांग



**भखारा, 3 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम बोरझरा मे यादव समाज के लोगों ने सरपंच महेंद्र कुमार साहू से मुलाकात कर यादव समाज भवन का मरम्मत कर समाज को सुपुर्द करने की मांग किया है। युवा अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने बताया कि जब से यादव समाज भवन बना है तब से अभी तक भवन को यादव समाज को हस्तांतरित नहीं किया गया है।यादव समाज के भवन में सरपंच से अनुमति लेकर महिला समूह के द्वारा वर्मी खाद्य का भंडारण किया जा रहा था। भवन में साफसफाई के अभाव में खिड़की, दरवाज़ा, सहित फ्लोरिंग छतिग्रस्त हो गया है।जिसका मरम्मत व रंग रोगन कर समाज को हस्तांतरित करने का निवेदन किया है।उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी यादव समाज ने सरपंच को कई बार निवेदन किया था।परन्तु अभी तक उनका मरम्मत नहीं करवाया गया है।यादव समाज ने इस बार सरपंच को चेतावनी दी है कि भवन का मरम्मत नहीं करने पर समाज के द्वारा तहसील का घेराव किया जाएगा।साथ ही यादव भवन के पास साहू समाज के द्वारा वृक्षारोपण पर किए जाने पर समाज ने आपत्ति जताया है। वहीं सरपंच महेंद्र कुमार का कहना है कि जिला सीईओ के आदेशानुसार समूह के महिलाओं को भवन को वर्मि खाद्य रखने के लिए दिया था।वृक्षारोपण पर उन्होंने कहा कि पहले भी उसमे पंचायत के द्वारा वृक्षारोपण किया गया था। देखरेख के अभाव में पौधे बड़े नहीं हो पाया। पंचायत से अनुमति लेकर उसमे पुनः साहू समाज ने वृक्षारोपण किया है।

## एक नजर

### दिनेश का एमबीबीएस में हुआ चयन

**भखारा, 3 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कहते है ना कि यदि मन में कुछ कर गुजरने का जुनून और जज्बा हो तो व्यक्ति किसी भी मुकाम को हासिल कर सकता है। अपने मेहनत के बूते ठीक ऐसा ही कर दिखाया है धमतरी इलाके के ग्राम डोमा के गरीब मजदूर परिवार के कृषक ओंम प्रकाश ध्रुव, माता पुष्पा ध्रुव के पुत्र दिनेश ध्रुव है।



जिसका चयन जगदलपुर में एमबीबीएस के लिये हुआ है। बताते है कि दिनेश ध्रुव बचपन से ही पढ़ाई में होनहार रही है, लिहाजा माता-पिता के मार्गदर्शन और उसके मेहनत, लगन के चलते उसका चयन एमबीबीएस के लिये हुआ है। उनकी यह शिक्षा शासकीय स्व. बलीराम कश्यप चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर में प्रारंभ होगी। ग्राम डोमा में बधाई देने का तांता लगा है। दिनेश अपने सफ्लता का श्रेय अपने गुरूजनों और समस्त परिवार जनों को दिया है। बधाई की इसी कड़ी में डोमा के समस्त ग्रामवासी निवास में एकत्रित हुवे थे और चयनित छात्र दिनेश ध्रुव को सम्पूर्ण मानव समाज का निःस्वार्थ सेवा करने के लिए प्रेरित उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर गोविंद साहू जिला पंचायत सभापति, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा.दयालाल, अमरदीप साहू, दयाराम साहू पूर्व जनपद सदस्य एवं ग्राम के योगेश साहू , महेंद्र मानिकपुरी रूपेंद्र ध्रुव, बृजभान साहू, शेखर सेन, झलक ध्रुव, लालजी सेन सहित ग्राम लोगों ने हर्ष व्यक्त किया एवं उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 53 वाहन चालकों से वसूला गया 23 हजार जुर्माना

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखुती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 31 अगस्त को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना नंबर के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 22 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6600 समन शुल्क वसूला गया है। बिना नंबर वाले वाहन चलाने वाले 20 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 6000 समन वसूल किया गया है। 31 अगस्त को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 53 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 23, 000 समन शुल्क वसूल किया गया है जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

### आजादी के 77 वर्ष बाद भी नहीं बदली स्थिति, सड़क, बिजली, परिवहन की समस्या जस की तस

# पिछड़ी भुंजिया जनजाति गांव रायआमा के लोग आज भी समस्याएं हल न होने से परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 3 सितम्बर।** जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित है ग्राम रायआमा जो बिल्कुल मलेवा डोंगर के नीचे बसा हुआ है।जहां लगभग 40 घर के विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजातीय समुदाय के लोग निवासरत हैं। जहां आजादी के इतने वर्षों बाद भी आवागमन हेतु पक्की सड़कें नहीं बन पाया है और बारिश के दिनों लोग परेशानियों को झेलने मजबूर नजर आते हैं। इसी गांव के बीच पहाड़ी पर आज भी अंग्रेज शासन काल में बना हुआ एक चांदा निर्मित है जो संभवतः उस समय सीमा रेखा या पहाड़ों की ऊंचाई मापने के लिए बनाया जाता था। जिस जगह पर कुछ वर्ष पहले कुछ बाहर के अज्ञात लोगों के द्वारा विस्फोट कर खुदाई भी किया गया था।

ग्रामीणों की मानें तो कुछ गुप्त खजाने या धातु के चक्कर में यह विस्फोट व खुदाई रात में की गई थी। जिसके निशान आज भी मौजूद हैं।बता दें कि यहां से एक कच्ची रास्ता ग्राम लिटिपारा के लिए है वहीं एक कच्ची रास्ता ग्राम कोदोपाली के लिए है तो एक कच्ची रास्ता ग्राम बोकरामुड़ा के लिए है ये तीनों ही रास्ते बारिश के दिनों में किचड़ और गढ्ढों से सराबोर हो जाते हैं। जिसके चलते यहां के ग्रामीणों को बाजार से सामान लाने, स्वास्थ्य संबंधित ईलाज और स्कुली बच्चों को स्कुल आने जाने के लिए इन्हीं रास्तों से जद्दोजहद कर गुजारा करना पड़ता है। वहीं गांव की गलियां भी कीचड़ से सराबोर नजर आता है।वहीं हम यहां संचालित प्राथमिक शाला की बात करें तो पूर्व में बने प्राथमिक शाला भवन जर्जर होकर पुरी तरह टूट गया। और एक अतिरिक्त कमरे में पांच कक्षाओं का संचालन होता है। वहीं यहां निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों की मानें तो हर पांच वर्ष में चुनाव में जनप्रतिनिधि आते हैं तो हर बार हम अपने गांव की समस्याओं को बताते हैं और दूर करने का आश्वासन भी दिया जाता है लेकिन उसके बाद वापस पांच साल तक इस गांव की ओर ध्यान नहीं देते हैं और आज भी समस्याएं जस की तस बनी हुई है।

वहीं हम स्वास्थ्य सुविधाओं की बात करें तो गांव में किसी का स्वास्थ्य ज्यादा खराब हो जाता है या किसी महिला को डिलीवरी संबंधित परेशानी होती है तो किसी भी तरह मोटरसाइकिल या अन्य साधनों से लिटिपारा या कोदोपाली मुख्य मार्ग तक छोड़ना पड़ता है तब कहीं जाकर 108 या 102 की सुविधा उपलब्ध हो पाता है। वहीं आगे की पढ़ाई के लिए गांव के स्कुली छात्र छात्राओं को रोज इन्हीं रास्तों से होकर पढ़ाई के लिए आने जाने को मजबूर रहते हैं।वहीं ग्रामीणों की मांग है कि किसी भी एक तरफ से हमारे गांव को पक्की सड़क से सरकार और प्रशासन जोड़ दें तो हमारी समस्याएं दूर हो जाएगी और हमें रोज जद्दोजहद नहीं करनी पड़ेगी।

# शादी के बाद आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले सास-ससुर व पति गिरफ्तार

### ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर मृतका ने एसिड पीकर कर ली थी आत्महत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर।** थाना हथबंद के मर्ग क्र. 19/2023 की जांच कार्यवाही में पाया गया कि मृतिका रेशमा की शादी वर्ष 2015 में आरोपी शेखर के साथ हुई थी। शादी के कुछ वर्षों के बाद से ही रेशमा के पति शेखर, ससुर मानसिंग, सास कुमारी बाई द्वारा आये दिन प्रताड़ित करने पर मृतिका रेशमा ने 16 अगस्त 2023 को एसिड सेवन कर लिया गया, जिसे ईलाज के लिए अग्रवाल अस्पताल रायपुर में भर्ती किया गया था, जिसकी ईलाज के 21 अगस्त 2023 को मृत्यु हो गई। प्रकरण में थाना हथबंद पुलिस द्वारा जांच विवेचना कार्यवाही, गवाहों के कथन एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मृतिका के एसिड पीकर आत्महत्या करने में दोषी पाये गये आरोपीगण पति शेखर, ससुर मानसिंग एवं सास कुमारी बाई के विरूद्ध अपराध धारा 306,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में पुलिस ने 2 सितम्बर को तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपियों के नाम शेखर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम हथबंद थाना हथबंद, मानसिंग उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम हथबंद थाना हथबंद, कुमारी बाई उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम हथबंद थाना हथबंद है।

# पीएम जनमन से कमार जनजाति को मिल रहीं स्वास्थ्य सुविधाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन )अंतर्गत कसडोल के वनांचल क्षेत्र के गांव बल्दाकछार और अवराई में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार हेतु मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन के माध्यम से प्रति माह दोनों ही गाँव में दो-दो दिवस विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर जाँच और उपचार प्रदान किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की ग्राम बल्दाकछार में माह के पहले और तीसरे सोमवार तथा और अवराई में पहले और तीसरे बुधवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन से गांव में ही जाकर स्वास्थ्य सेवा दी जाती है। दोनों ही ग्रामों के कुल मिलाकर 195 कमार जनजाति निवासरत हैं जिसमें बल्दाकछार में 153 एवं औराई से 42 लोग हैं। उक्त ग्राम में यह सुविधा जनवरी 2024 से शुरू की गई है। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, टीबी, सिकलिंग, गर्भवती जाँच, हेपेटाइटिस, एनीमिया, मलेरिया तथा नेत्र जाँच और आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधा प्रदान की जाती है। बल्दाकछार में अब तक 153 शुगर, सिकलिंग, नेत्र जाँच, और हेपेटाइटिस 96 ब्लड प्रेशर, 17 बच्चों का टीकाकरण, 132 की एनीमिया जाँच हुई जबकि 145 का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। इसी प्रकार ग्राम औराई में 26 बीपी, 42 शुगर, नेत्र जाँच, सिकलिंग, टीबी, हेपेटाइटिस, और 36 लोगों का एनीमिया जाँच की गई जबकि चार बच्चों का टीकाकरण हुआ है। यहां भी 40 लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाये गए हैं। गौरतलब है की विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों की सामाजिक- आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन शुरू किया किया गया।

### जिला पुलिस का वरिष्ठ आरक्षकों के लिए अनुसंधान संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

# वेतन मैट्रिक्स 6 लेवल प्राप्त कर रहे 88 वरिष्ठ आरक्षक हुए प्रशिक्षित

- नवीन कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण
- जिला अभियोजन कार्यालय बलौदाबाजार से आई टीम ने नए कानून के संबंध में दी विस्तृत जानकारी
- प्रशिक्षण उपरांत अब इन वरिष्ठ आरक्षकों को दिए जाएंगे विवेचना के अधिकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग द्वारा अधिसूचित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अध्याय 05, 06, 11, 12, 13, 14, 15, 17 के विभिन्न धाराओं के अंतर्गत, 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके एवं क्रमोन्नति प्राप्त कर वेतन मैट्रिक्स 6 लेवल प्राप्त कर रहे वरिष्ठ आरक्षकों को विवेचना का अधिकार दिया गया है। इसी क्रम में 1 सितम्बर को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक जिला पंचायत सभागार बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए विवेचना के अधिकार देने से पूर्व सभी वरिष्ठ आरक्षकों के लिए अनुसंधान संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस विभाग में विवेचना की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर पर बनाए रखना है। भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराओं के अंतर्गत पंजीबद्ध अपराधों में विवेचना का अधिकार प्राप्त करने वाले वरिष्ठ आरक्षक ना केवल अपने ज्ञान को विस्तार देंगे, बल्कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला अभियोजन कार्यालय से गजेंद्र साहू उप संचालक अभियोजन, उज्जवल सिन्हा एडीपीओ एवं संतोष ध्रुव एडीपीओ द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित समस्त वरिष्ठ आरक्षकों को नए कानून के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा बताया गया कि- नए कानून में भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता किया गया है, जिसमे विशेषता दंड से ज्यादा न्याय पर आ गया है। उन्होंने आगे कहा कि नए कानून में बहुत सारी और चीजे आ रही है, अब अनुसंधान की प्रगति को पीड़ित को बताना जरूरी रहेगा। प्रशिक्षण में नए कानून के संबंध में अनुसंधानकर्ताओं को नए आपराधिक कानूनों, धाराओं और सजा से अवगत कराया गया एवं उनको जागरूक कर उनकी क्षमता को विकसित कर प्रभावी कार्य करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। सांथ ही उन्होंने माननीय न्यायालय द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों से अवगत कराते हुए महत्वपूर्ण बिन्दुओं को प्रशिक्षण में साझा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नए कानून में दिए गए मुख्य बिंदुओं का बहुत ही सहज रूप में समाधान किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित वरिष्ठ आरक्षकों द्वारा नए कानून के संबंध में कई प्रश्न पूछा गया, जिस पर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक द्वारा फील्ड में विवेचना के दौरान क्या-क्या बातें महत्वपूर्ण होनी चाहिए एवं किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए उन बातों पर ध्यान आकृष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि घटना का समय, पुलिस बल का पहुंचना, गिरफ्तारी, जप्ती आदि प्रक्रिया के दौरान विवेचना में समय के सांथ-सांथ नए कानून में गवाहों की उपस्थिति में वीडियोग्राफी भी सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रशिक्षण की बातों को गंभीरता से सीखिए।

### कलेक्टर ने फीता काट कर विशेषीकृत दत्तक ग्रहण संस्थान किया शुभारंभ

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर।** मिशन वात्सलय योजनांतर्गत राज्य स्तरीय परियोजना समिति से प्राप्त अनुमोदन एवं निर्णय अनुसार जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में स्थित पुराना कलेक्टोरेट परिसर कक्ष कमांक 23 में विशेषीकृत दत्तक ग्रहण संस्थान का शुभारंभ कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा फीता काट कर किया गया। कलेक्टर सोनी ने विशेषीकृत दत्तक ग्रहण संस्थान का समय सीमा भीतर प्रारंभ करने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की पीठ थपथाई. सोनी ने इस दौरान दत्तक ग्रहण एजेंसी की संचालन प्रक्रिया की जानकारी ली एवं उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया गया। परिसर में सी.सी.टीवी कैमरा सुविधा लगाने तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए थे। विशेषीकृत दत्तक ग्रहण संस्थान के स्थायी संचालन हेतु नवीन स्थान तथा भवन चिन्हांकन हेतु सुझाव भी दिये गये। दत्तक ग्रहण एजेंसी के स्थापना से बच्चे को गोद लेने वाले अभिभावकों की प्रक्रिया जिले में संभव होगा एजेंसी खुलने से ऐसे नवजात शिशु जिन्हें जन्म के पश्चात् अवांछित मानकर कहीं फेंक देते है। अनाथ है एकल माता या पिता है, ऐसे बच्चों का संरक्षण इस संस्था में होगा।

**न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग जिला- दुर्ग**

रा.प्र.क्र.-202407100700136
अ-6/वर्ष 2023-24

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हर्ष टांक पिता जीवराम टांक निवासी ग्राम करहीडीह तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम करहीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 254 रकबा 1.3600 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता जीवराम टांक अन्य-1 पिता श्री पोपट लाल निवासी ग्राम करहीडीह तहसील दुर्ग जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 10/07/2024 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/09/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**जारी दिनांक- 16/08/2024**
**पेशी दिनांक- 10/09/2024**

मुहर

**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**